वर्ष 24, अंक 161, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net
प्रयागराज से प्रकाशित
नगर संस्करण प्रयागराज शनिवार 20 दिसंबर 2025 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## तमिलनाडु में एसआईआर के पहले चरण की ड्राफ्ट लिस्ट जारी

### करीब 1 करोड़ मतदाताओं के कट गए नाम

**तमिलनाडु**
**चुनाव** आयोग ने एसआईआर के बाद तमिलनाडु और गुजरात को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी कर दिया है. तमिलनाडु में करीब एक करोड़ तो गुजरात में 73 लाख से अधिक वोटर्स के नाम हटे हैं. चुनाव आयोग ने बताया कि तमिलनाडु के 97 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम एसआईआर के दौरान हटाए गए हैं. तमिलनाडु की मुख्य निर्वाचन अधिकारी अर्चना पटनायक ने कहा, 'ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में 5 करोड़ 43 लाख 76 हजार 755 मतदाता हैं, जिनमें 2.66 करोड़ महिलाएं और 2.77 करोड़ पुरुष हैं.'
करीब एक करोड़ लोगों के नाम हटाए गए
तमिलनाडु की मुख्य चुनाव अधिकारी के मुताबिक राज्य में एसआईआर से पहले करीब 6.41 करोड़ वोटर रजिस्टर्ड थे और इस प्रकिया के बाद 97 लाख 37 हजार 832 मतदाता के नाम हटाए गए हैं. इनमें से 26.94 लाख ऐसे लोग हैं, जिनकी मृत्यु हो चुकी थी. इसके अलावा 66.44 लाख ऐसे लोग हैं जो तमिलनाडु को छोड़कर कहीं और शिफ्ट हो गए थे और 3,39,278 डुप्लीकेट एंट्री थी. डुप्लीकेट एंट्री का मतलब है कि एसे मतदाता एक से ज्यादा जगहों पर रजिस्टर्ड पाए गए थे.
चुनाव अधिकारी ने बताया कि तमिलनाडु छोड़कर दूसरी जगह माइग्रेट किए वोटर्स की संख्या 66 लाख 44 हजार 881 है जो तीन राउंड घर-घर जाकर वेरिफिकेशन के बाद भी रजिस्टर्ड पते पर नहीं पाए गए.
गुजरात में कितने वोटर्स के नाम हटाए गए?
गुजरात में एसआईआर प्रक्रिया से पहले 5 करोड़ 8 लाख 43 हजार 436 वोटर्स थे, जिसमें से 4 करोड़ 34 लाख 70 हजार 109 वोटर्स वैध पाए गए. राज्य में एसआईआर प्रकिया के बाद 73 लाख 73 हजार 327 मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं. जिन वोटर्स का नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में नहीं है, वे आधार प्रमाण के साथ फॉर्म-6 भरकर नाम जोड़ने के लिए 19 दिसंबर 2025 से 18 जनवरी 2026 तक आवेदन कर सकते हैं.
SIR को लेकर डीएमके ने शुरू किया था विशेष अभियान
2026 के विधानसभा चुनाव नजदीक आने के साथ ही तमिलनाडु में राजनीतिक



गतिविधियां तेज हो गई हैं. चुनावी तैयारी के तहत डीएमके ने 'माय बूथ, विनिंग बूथ' अभियान शुरू किया था, जिसके पहले चरण में बूथ समितियों को राज्य के 68,463 मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण (SIR) में सक्रिय भागीदारी का निर्देश दिया गया था. इस अभियान का लक्ष्य 68,463 मतदान केंद्रों पर तैनात लगभग 6.8 लाख बूथ समिति सदस्यों को सक्रिय कर बूथ स्तर पर मजबूती सुनिश्चित करने का काम दिया गया था।

## हिजाब विवाद: गिरिराज सिंह पर भड़कीं महबूबा मुफ्ती

### गिरिराज सिंह की मानसिकता कौरवों वाली- महबूबा



**बिहार**
**बिहार** में शुरू हुआ हिजाब विवाद केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के उस बयान से गहरा गया जब उन्होंने युवती को लेकर कह दिया कि वो नौकरी करे या जहन्नुम में जाए. बिहार के सीएम नीतीश कुमार का बचाव करते हुए उन्होंने कहा था कि मुख्यमंत्री ने कोई गलत काम नहीं किया. अगर कोई नियुक्ति पत्र लेने जाए तो क्या चेहरा नहीं दिखाएगी? ये कोई इस्लामिक देश है? जब पासपोर्ट लेने जाते हैं तो क्या चेहरा नहीं दिखाते? उनके इन बयानों पर पीडीपी चीफ और जम्मू कश्मीर की पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती ने पलटवार किया है.
गिरिराज सिंह की मानसिकता कौरवों वाली- महबूबा मुफ्ती
महबूबा मुफ्ती ने श्रीनगर में शुक्रवार (19 दिसंबर) को कहा, "ये गांधी का देश है जिन्होंने अपनी जिंदगी धर्मनिरपेक्षता के लिए कुर्बान कर दी. गिरिराज सिंह जैसे बीजेपी के लोग यहां कौरव राज बनाना चाहते हैं. राम राज नहीं कौरव राज, जिसमें कौरवों ने भरी महफिल में द्रौपदी के कपड़े उतारे थे. मुझे लगता है कि गिरिराज सिंह की मानसिकता कौरवों वाली है, जहां पर औरतों की इज्जत नहीं है."
नीतीश कुमार को ऐसा नहीं करना चाहिए था- महबूबा मुफ्ती
पीडीपी चीफ ने आगे कहा, "द्रौपदी तो मुसलमान नहीं थीं. उसने तो नकाब नहीं पहना था. उसके बावजूद भी भरी महफिल में उसके कपड़े उतारे गए. यही गिरिराज सिंह जैसे लोग उस समय तालियां बजा रहे थे और हंस रहे थे. आज भी वही काम कर रहे हैं. हमें इनसे कोई उम्मीद नहीं है लेकिन नीतीश कुमार को ऐसा नहीं करना चाहिए था. मुझे खुशी है कि आज इल्तिजा गई ।

## योग ने दुनिया को दिखाया स्वास्थ्य का मार्ग; आयुष का बढ़ा मान- पीएम

**नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने आयुष क्षेत्र के लिए एक मास्टर डिजिटल पोर्टल, माई आयुष इंटीग्रेटेड सर्विसेज पोर्टल (एमएआईएसपी) सहित कई ऐतिहासिक आयुष पहलों का शुभारंभ किया और आयुष मार्क का अनावरण किया, जिसे आयुष उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता के लिए एक वैश्विक मानक के रूप में परिकल्पित किया गया है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दूसरी पारंपरिक चिकित्सा पर डब्ल्यूएचओ का वैश्विक शिखर सम्मेलन का समापन दिन है। पिछले 3 दिनों में यहां पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र से जुड़े दुनियाभर के विशषज्ञों ने गंभीर और सार्थक चर्चा की है। मुझे खुशी है कि भारत इसके लिए एक मजबूत प्लेटफॉर्म का काम कर रहा है और इसमें हल्ड की भी सक्रिय भूमिका रही है।
मोदी ने कहा कि मैं इस सफल आयोजन के लिए हल्ड का, भारत सरकार के आयुष मंत्रालय का और यहां उपस्थित सभी प्रतिभागियों के हृदय से आभार प्रकट करता हूं। उन्होंने कहा कि ये हमारा सौभाग्य है और भारत के लिए गौरव की बात है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन का पारंपरिक चिकित्सा के लिए वैश्विक केंद्र भारत के जामनगर में स्थापित हुआ है। 2022 में पारंपरिक



चिकित्सा की पहली समिट में विश्व ने बड़े भरोसे के साथ हमें ये दायित्व सौंपा था। उन्होंने कहा कि इस शिखर सम्मेलन में पारंपरिक चिकित्सा और आधुनिक पद्धतियों का संगम होता है, जिससे नवाचार के लिए एक अनूठा मंच तैयार होता है। कई नई पहलें शुरू की गई हैं जिनमें चिकित्सा विज्ञान और समग्र स्वास्थ्य के भविष्य को बदलने की क्षमता है।
इस समिट में कई अहम विषयों और सहमति बनना हमारी मजबूत साझेदारी का प्रतिबिंब है। अनुसंधान को मजबूत करना, पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में अंकीय प्रौद्योगिकी का उपयोग बढ़ाना, ऐसे विनियामक ढाँचा तैयार करना जिनपर पूरी दुनिया भरोसा कर सके। ऐसे मुद्दे पारंपरिक चिकित्सा को बहुत सशक्त करेंगे। उन्होंने कहा कि पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली का एक अहम हिस्सा योग भी है। योग ने पूरी दुनिया को स्वास्थ्य, संतुलन और सामंजस्य का रास्ता दिखाया है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रयासों और 175 से ज्यादा देशों के सहयोग से संयुक्त राष्ट्र द्वारा 21 जून को योग दिवस घोषित किया गया था। बीते वर्षों में हमने योग को दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचते देखा है।
प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दिल्ली में हल्ड के दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन भी किया गया है। ये भारत की तरफ से एक विनम्र उपहार है। ये एक ऐसा ग्लोबल हब है, जहां से अनुसंधान, विनियमन और क्षमता निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद में संतुलन, अर्थात संतुलन को स्वास्थ्य का पर्याय कहा गया है। जिसके शरीर में ये संतुलन बना रहता है, वही स्वस्थ है, वही स्वस्थ है। पुनर्स्थापित करना, संतुलन... आज ये केवल एक ग्लोबल कारण ही नहीं है। बल्कि, ये एक वैश्विक तात्कालिकता भी है। इसे संबोधित करने के लिए हमें और तेज गति से कदम उठाने होंगे। नरेंद्र मोदी ने कहा कि जीवन शैली में अचानक से आ रहे इतने बड़े बदलाव, शारीरिक श्रम के बिना संसाधनों और सुविधाओं की सहूलियत.... इससे मानव शरीर के लिए अप्रत्याशित चुनौतियां पैदा होने जा रही हैं। इसलिए, पारंपरिक स्वास्थ्य देखभाल में हमें केवल वर्तमान की जरूरतों पर ही फोकस नहीं करना है। हमारी साझा उत्तरदायित्व आने वाले भविष्यको लेकर भी है। उन्होंने कहा कि जब पारंपरिक चिकित्सा की बात होती है, तो एक सवाल स्वाभाविक रूप से सामने आता है।

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को पेश करेंगी बजट

**नई दिल्ली**
केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रविवार (1 फरवरी) को भारत का 2026-27 का आम बजट पेश करने के लिए तैयार हैं। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि यह असामान्य दिन होने के बावजूद 2017 के बाद की परंपराओं का पालन है। यह कदम नए वित्तीय वर्ष में राजकोषीय कार्यान्वयन को शीघ्रता से शुरू करने के प्रयासों के अनुरूप है।

## नसीर बिलाल से और एक हफ्ते होगी पूछताछ, सोयब को 5 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**नई दिल्ली**
लाल किला विस्फोट मामले में आरोपी डॉ. बिलाल नसीर मल्ला की एनआईए हिरासत को दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को सात दिन के लिए बढ़ा दिया। अदालत ने फरीदाबाद निवासी सोयब को भी पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया, जिस पर लाल किला बम हमलावर उमर-उन-नबी को पनाह देने का आरोप है। जांच एजेंसी ने 15 दिसंबर को दी गई उनकी पिछली चार दिवसीय एनआईए हिरासत की अवधि समाप्त होने पर शुक्रवार को



कड़ी सुरक्षा के बीच सोयब और बिलाल को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया। मीडियाकर्मियों को कार्यवाही कवर करने से रोक दिया गया था।
सोयाब को 24 दिसंबर तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया
आरोपियों को प्रधान और सत्र न्यायाधीश अंजू बजाज चंदना के समक्ष पेश किया गया, जिन्होंने जांच एजेंसी को नसीर से सात और दिनों तक हिरासत में पूछताछ करने की अनुमति दी, जबकि सोयाब को 24 दिसंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।
एनआईए के एक आधिकारिक प्रवक्ता ने पहले कहा था कि एजेंसी ने हरियाणा के फरीदाबाद के धौज निवासी सोयाब को दिल्ली आतंकी बम विस्फोट से पहले कथित तौर पर "आतंकवादी" उमर-उन-नबी को रसद संबंधी सहायता प्रदान करने के आरोप में गिरफ्तार किया था।

## भीड़ की बर्बरता, हिंदू युवक की पीट-पीटकर हत्या, पेड़ पर टांगकर जलाया शव

**बांग्लादेश**
**बांग्लादेश** में जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है, हालात दयनीय होते जा रहे हैं. हिंसा और अराजकता की स्थिति चरमसीमा पार कर चुकी है. ढाका सहित कई जिलों में हत्या और आगजनी की घटनाएं देखने को मिल रही हैं. देशभर में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा में भी इजाफा हुआ है. मयमनसिंह जिले के भालुका उपजिला में भीड़ ने एक हिंदू युवक की हत्या कर दी.
हिंदु युवक की हत्या के बाद इलाके में तनाव बढ़ा



स्थानीय मीडिया के अनुसार युवक पर इस्लाम का अपमान करने का आरोप था. इससे भी भयावह यह है कि युवक की हत्या के बाद उसके शव को आग लगा दी गई. इस घटना के बाद से इलाके में तनाव बढ़ गया. इसकी वजह से ढाका-मैमनसिंह हाईवे पर कुछ देर के लिए ट्रैफिक रोक दिया गया।

## युवराज, सोनू सूद से लेकर रॉबिन उथप्पा तक की संपत्ति ईडी ने की जब्त

**मुबंई**
**एनफोर्समेंट** डायरेक्टोरेट ने 1xBet ऑनलाइन बेटिंग ऐप मामले में अपनी कार्रवाई को तेज कर दिया है. ईडी ने जाने माने क्रिकेटरों और फिल्मी हस्तियों की करोड़ों रुपए की संपत्ति अटैच की है. इस कार्रवाई में युवराज सिंह, रोबिन उथप्पा, सोनू सूद, उर्वशी रौतेला, मिमी चक्रवर्ती, अंकुश हजारा और नेहा शर्मा जैसे नाम सामने आए हैं. इसी बीच एक सवाल उठ रहा है कि क्या ईडी सच में इन अटैच की गई संपत्तियों को बेच सकती है या नहीं. आइए जानते हैं क्या है इस सवाल का



जवाब.
किसकी कितनी संपत्ति अटैच
ताजा कार्रवाई में ईडी ने 7.93 करोड़ रुपए की संपत्ति अस्थाई रूप से अटैच की है. आधिकारिक जानकारी के मुताबिक युवराज सिंह से जुड़ी ?2.5 करोड़, रोबिन उथप्पा की ?8.6 लाख, सोनू सूद की ?1 करोड़ और उर्वशी रौतेला से जुड़ी ?2.02 करोड़ की संपत्ति (इनकी मां के नाम पर) अटैच की गई है. इसके अलावा मिमी चक्रवर्ती की ?59 लाख, अंकुश हजारा की ?47.20 लाख और नेहा शर्मा की ?1.26 करोड़ की संपत्ति भी अटैच की गई है.
इस मामले में यह पहली कार्रवाई नहीं है. इससे पहले ईडी ने शिखर धवन से जुड़ी ?4.55 करोड़ और सुरेश रैना से जुड़ी ?6.64 करोड़ की संपत्ति भी अटैच की थी. ताजा कार्रवाई के साथ अब इस मामले में अटैच की गई संपत्तियों का कुल मूल्य 19 करोड़ से ज्यादा हो गया है.
क्या होता है अटैचमेंट का मतलब
एक सबसे जरूरी बात यह है कि अटैचमेंट का मतलब जब्ती नहीं होता. मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम की धारा 5 के तहत ईडी को अगर शक हो कि संपत्ति मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ी है तो वह किसी भी संपत्ति को 180 दिनों तक अस्थाई रूप से अटैच कर सकती है. इस दौरान मालिक तकनीकी रूप से प्रॉपर्टी का मालिक बना रहता है और उसका इस्तेमाल जारी रख सकता है. लेकिन उसे बेच, ट्रांसफर या गिरवी नहीं रख सकता।

## यूपी: हापुड़ में खाद्य विभाग की छापेमारी, केमिकल रंग लगे 1950 किलो मिलावटी चने जब्त

**हापुड़**
**उत्तर** प्रदेश के जनपद हापुड़ में खाद्य विभाग की टीम ने शुक्रवार को मिलावटी केमिकल युक्त चने के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया. यहां टीम ने नवीन मंड़ी में अजय कुमार, संजय कुमार नाम की फर्म से औरामाइन रंग से युक्त चने को बरामद किया. बताया जा रहा है कि 65 बोरियों में भरा करीब 1950 किलो चने को खाद्य विभाग की टीम ने जब्त किया है. साथ ही एक अन्य स्टोर पर भी छापेमारी कर चने के सैंपल लिये हैं, जिन्हें जांच के लिए भेजा गया है. विभाग की इस कार्रवाई से पूरे शहर में खाद्य पदार्थ विक्रेताओं में हड़कम्प मचा रहा. बीते दिनों गोरखपुर में केमिकल युक भुने चने मिलने के बाद पूरे प्रदेश में अलर्ट जारी किया गया है और सभी जगह चेकिंग के आदेश हैं. इसी के तहत आज शहर में भी कई स्टोर चेक किए गए. सैम्पल रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई होगी.
1950 किलो चना जब्त किया गया
खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज राय ने बताया कि हापुड़ जिले में खाद्य आयुक्त सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर कैमिकल युक्त रंग से रंगे चने को पकड़े जाने के निर्देश दिये गये थे।

## 'अब 80-90 का दौर नहीं, संयम जरूरी'

### धनंजय सिंह-अभय सिंह विवाद पर बृज भूषण शरण सिंह की नसीहत

**उत्तर प्रदेश**
**उत्तर** प्रदेश के कैसरगंज से पूर्व सांसद और कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह ने सोशल मीडिया पर जौनपुर के पूर्व सांसद धंनजय सिंह और अयोध्या के गोसाईगंज से विधायक अभय सिंह के बीच जारी विवाद पर दोनों को नसीहत दी.
उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया अपर शब्दों का चयन सोच-समझ कर करना चाहिए. बृज भूषण शरण सिंह ने आगे कहा कि आज का दौर 80-90 के दशक वाल नहीं है जहां गैंग और गैंगवार जैसी स्थिति हो. बृज भूषण शरण सिंह ने दोनों को सलाह दी कि सभी के पास



आज अवसर हैं जनता के बीच जाकर काम करें कोई किसी से छोटा या बड़ा नहीं है.
बृज भूषण शरण सिंह ने यह बयान आज मीडिया से बातचीत में दिया. उन्होंने दोनों नेताओं को संयम रखते हुए जनता के बीच जाकर कार्य करने की सलाह दी.इन दोनों अभय सिंह और धनंजय सिंह तमाम मीडिया माध्यमों में एक दूसरे के खिलाफ टिप्पणियां कर रहे हैं जो काफी वायरल हैं.
ये 80-90 का दौर नहीं- बृज भूषण शरण सिंह
पूर्व सांसद बृज भूषण शरण सिंह ने धनंजय सिंह और अभय सिंह के विवाद पर कहा, ह्लआज का दौर 80-90 के दशक जैसा नहीं रहा, न गैंग है, न गैंगवार और न ही कोई संघर्ष. बृज भूषण सिंह ने कहा कि शब्दों का चयन बहुत सोच-समझकर करना चाहिए. कौन बड़ा और कौन छोटा, इससे कोई फायदा नहीं है. भगवान ने सबको अवसर दिया है कि वे जनता के बीच अपना कर्तव्य निभाएं. आज के समय में सभी बराबर हैं और मीडिया में अगर कोई बात निकल जाती है तो उसे संभालने और बंद करने की जरूरत होती है."
धनंजय-अभय सिंह के बीच जुबानी जंग जारी
कोडिन कफ सिरप मामले में धनंजय सिंह के नजदीकियों की गिरफ्तारी और नाम आने के बाद वे काफी चर्चा में हैं. यही नहीं अयोध्या के गोसाईगंज से विधायक अभय सिंह से उनकी पुरानी अदावत को लेकर भी दोनों तरफ से किस्से सोशल मीडिया पर तैर रहे हैं. दोनों ही अलग-अलग माध्यमों से एक दूसरे के पुराने किस्से खोल रहे हैं. जिस पर तनाव अब बढ़ रहा है.

## गोरखपुर में मिड-डे मील के कीड़े वाले राशन पर हंगामा

**गोरखपुर**
**उत्तर** प्रदेश के गोरखपुर में एक हैरान करने वाला मामला आया है. यहां मिड डे मील के कच?चे राशन में कीड़ा होने की शिकायत पर प्रधानाध्?यापिका और रसोइया के बीच मारपीट हो गई. मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. वीडियो चार दिन पहले का बताया जा रहा है. वायरल हो रहे वीडियो एक अन्?य वीडियो में रसोइया कच?चा चावल, आटा और मसाला दिखाते हुए बता रही है कि इसमें इतने कीड़े हैं. क?या हम इसी तरह का भोजन घर पर पकाते हैं. क्या इसे खाने से बच्चे बीमार नहीं पड़ेंगे।

# मांडा-दिघिया आरओबी पर दो बाइक सवारों की मौत

## सुरक्षा बैरिकेडिंग और लाइट न होने से लगातार हो रहे हादसे, आरओबी पर कोहरे व कड़ाके की ठण्ड में प्रकाश की व्यवस्था नहीं हुई तो लोग होंगे हादसे के शिकार

अखंड भारत संदेश



**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के मांडा दिघिया में दिल्ली-हावड़ा रेलमार्ग पर बने रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) पर सुरक्षा बैरिकेडिंग और बिजली की व्यवस्था न होने से दो बाइक सवारों की मौत हो चुकी है। पुल से नीचे गिरने के कारण ये हादसे हुए हैं, और यहां आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। हाल ही में, 14 दिसंबर को रात के समय अंधेरे और बैरिकेडिंग न होने के कारण मांडा थाना क्षेत्र के मोनाई गांव निवासी 25 वर्षीय प्रदीप कुमार पुत्र लालचंद की बाइक सहित पुल से नीचे गिरने से मौत हो गई। इससे छह महीने पहले, उमापुर कला, थाना मांडा निवासी 27 वर्षीय संदीप निषाद पुत्र राम सागर निषाद की भी इसी तरह बाइक सहित पुल से गिरकर जान चली गई थी।दिघिया-रामनगर मार्ग पर दिघिया बाजार में यह आरओबी दो साल पहले दिल्ली-हावड़ा रेलमार्ग द्वारा रेलवे क्रॉसिंग के लिए बनाया गया था। आरोप है कि रेलवे विभाग ने इसके निर्माण में कई खामियां बरती हैं। इस आरओबी पर न तो पर्याप्त सुरक्षा बैरिकेडिंग लगाई गई है और न ही रोशनी की उचित व्यवस्था की गई है। सुरक्षा और प्रकाश की कमी के कारण शाम होते ही दिघिया आरओबी पर अंधेरा छा जाता है, जिससे अराजकतत्वों का जमावड़ा लगने लगता है। स्थानीय लोगों ने इस संबंध में कई बार शिकायतें की हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

## अवंतिका कालोनी में अलाव जलवाने की हुई मांग

**नैनी।** नैनी पिछले कई दिनों से घने कोहरे के कारण लोगों को ठंड का सामना करना पड़ रहा है। अचानक हुए मौसम परिवर्तन से लोगों की समस्याएं बढ़ गई है जिससे विशेषकर बच्चे व बूढ़े नागरिक घर मे दुबके रहने के लिए मजबूर हैं। इतनी ठंड के बावजूद अवन्तिका कॉलोनी में अलाव की कोई व्यवस्था नहीं है। अवन्तिका विकास समिति की ओर से कॉलोनी में अति शीघ्र अलाव जलवाने की मांग की गई है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि गत वर्षों में ठंड के दौरान कॉलोनी के प्रमुख चौराहों सहित कई जगह अलाव की व्यवस्था की जाती थी लेकिन इस वर्ष कोई व्यवस्था न होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## न्यूज झरोखा

### राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत परीक्षा का आयोजन




**कोराव।** 19 दिसंबर 2025 को बीआरसी कोराव में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत परीक्षा का आयोजन दो चरणों में सफलतापूर्वक किया गया। प्रथम चरण की परीक्षा में कुल 261 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें से 25 विद्यार्थियों को द्वितीय चरण के लिए चयनित किया गया।द्वितीय चरण में चयनित 25 विद्यार्थियों के मध्य क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसके माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 5 विद्यार्थियों का जनपद स्तर पर प्रतिभाग हेतु अंतिम रूप से चयन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसीलदार कोराव विनय कुमार वरनवल द्वारा की गई। परीक्षा का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी कोराँव मोहम्मद रिजवान खान के सानिध्य में संपन्न हुआ। ए आर पी जय प्रकाश पटेल, दिनेश प्रसाद मिश्र , संतोष तिवारी , लालमणि गुप्ता की देखरेख में परीक्षा संपन्न हुई । भोला नाथ पाण्डेय , महेंद्र प्रसाद , महेश मौर्य,सुशील यादव आदि अध्यापकों के सहयोग से परीक्षा को सकुशल संपन्न कराया गया। चयनित विद्यार्थियों में शिवानी (यूपीएस बेलहट), शिवानंद (उच्च प्राथमिक विद्यालय कपासी कला), नव्या मिश्रा (यूपीएस देवीबांध), हरिकेश (कंपोजिट विद्यालय घोंघी डैया) तथा राघवेंद्र सिंह (यूपीएस सेमरी बाघराय) शामिल हैं। सभी चयनित विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी गईं।

### नैनी में निशुल्क जांच शिविर का आयोजन हुआ



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में ठंड को देखते हुए निशुल्क जांच का आयोजन किया गया जिसमें बीपी के मरीजों का निशुल्क जांच परामर्श सुमित्रा देवी ग्रामीण सेवा संस्थान के तत्वाधान में शिवनगर नंदन तालाब के प्रधान कार्यालय पर संजय श्रीवास्तव के द्वारा निशुल्क बीपी के मरीजों की जांच की गई जिसमें दर्जनों गरीब असहाय लोगों का जांच निशुल्क किया गया संजय श्रीवास्तव ने बताया प्रतिदिन सुबह 8 से लेकर 9 बजे तक निशुल्क बीपी की जांच की जाती है। इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव सामाजिक कार्यकर्ता शाहनवाज खान, आनंद जायसवाल, बाबूजी यादव, छोटू यादव, बृजेश नारायण, दिलीप कुमार मिश्रा, बाबूजी शुक्ला, विकास मिश्रा का विशेष सहयोग रहा।



## नगर पंचायत भारतगंज में रैन बसेरा, जरूरतमंदों का बना सहारा

**मांडा।** ठंड के मौसम में बेसहारा व जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से ठंड के मौसम में बेसहारा व जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से नगर पंचायत भारतगंज कार्यालय परिसर में संचालित रैन बसेरा में ठहरने वालों के लिए तकिया, कंबल व साफ-सुथरे बिस्तर की समुचित व्यवस्था की गई है ' जिससे सर्द रातों में लोगों को ठिठुरन से निजात मिल सके। रैन बसेरा में साफ-सफाई, रोशनी व सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया है। यहां रात बिताने वाले लोगों को गर्म और सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराया गया है। नगर पंचायत भारतगंज के इस प्रयास से सड़क पर रात गुजारने को मजबूर असहाय, मजदूर और राहगिरो को बड़ी राहत मिली है। जावेद सभासद, नितेश भारतीय सभासद,प्रतिनिधि जावेद व युवा समाजसेवी अरशद सिद्दीकी, शाहिद हसन अंसारी व सपा नेता तौफीक राइना ने बताया कि नगर पंचायत में बना रैन बसेरा गरीब और जरूरतमंदों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। वही नगर पंचायत भारतगंज ईओ बंटी कुमारी ने कहा कि जब तक ठंड का असर रहेगा, रैन बसेरा पूरी क्षमता के साथ संचालित किया जाएगा और जरूरतमंदों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी।

# जमीनी विवाद में महिला पर हमला, लाठी-डंडों से लैस दबंगों ने घर पर बोला धावा

अखंड भारत संदेश



**करछना।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेहरा में जमीनी विवाद को लेकर दबंगों द्वारा एक महिला के साथ मारपीट व जान से मारने की कोशिश का मामला सामने आया है। पीड़िता दुर्गा देवी पत्नी जीत नाथ गोस्वामी निवासी ग्राम सेहरा, थाना कौंधियारा ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़िता के अनुसार बुधवार की दोपहर करीब साढ़े बारह बजे वह अपने घर पर मौजूद थीं। इसी दौरान पुराने जमीनी विवाद को लेकर गांव के ही लक्ष्मण पुत्र गोरखनाथ, उमेश पुत्र लक्ष्मण नाथ, सचिन पुत्र नचकउ, कमलनाथ पुत्र गोरखनाथ तथा कृष्ण पुत्र दीपनाथ एकजुट होकर लाठी-डंडों से लैस होकर उनके घर पहुंच गए। आरोप है कि सभी हमलावरों ने घर में घुसकर दुर्गा देवी के साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की नीयत से मारपीट करते हुए उन्हें दौड़ा लिया।पीड़िता ने बताया कि अचानक हुए इस हमले से वह बुरी तरह घबरा गईं और किसी तरह अपनी जान बचाकर शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना के बाद से पीड़िता और उनका परिवार भय और दहशत के माहौल में जीने को मजबूर है।दुर्गा देवी ने आरोप लगाया कि जमीनी विवाद को लेकर पूर्व में भी उन्हें लगातार धमकियां दी जा रही थीं, लेकिन दबंगों के हौसले इतने बुलंद हो गए कि अब खुलेआम घर पर हमला कर दिया गया। पीड़िता ने थाना कौंधियारा में तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।इस संबंध में थाना प्रभारी कौंधियारा कुलदीप शर्मा ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि घटना की तिथि और तथ्यों के आधार पर जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में जमीनी विवादों को लेकर आए दिन इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे आम लोगों में भय का माहौल है। पीड़िता ने प्रशासन से सुरक्षा और न्याय की गुहार लगाई है।

# टोल प्लाजा सहसों पर वाहनों के पीछे लगाया गया रिफ्लेक्टिव टेप

अखंड भारत संदेश




**सहसों।** राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-19 के अंतर्गत कोखराजझहंडिया मार्ग स्थित भोपतपुर सहसों टोल प्लाजा पर घने कोहरे के मद्देनजर सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। विजिबिलिटी बढ़ाने के उद्देश्य से टोल प्लाजा क्षेत्र में पेंटिंग और रोड मार्किंग का कार्य कराया जा रहा है, ताकि वाहन चालकों को मार्ग स्पष्ट रूप से दिखाई दे सके।साथ ही दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टिव टेप लगाए जा रहे हैं। जिससे कोहरे में वाहनों की पहचान आसानी से हो सके। टोल प्लाजा पर नियमित घोषणाओं के माध्यम से वाहन चालकों को धीमी गति से वाहन चलाने, सुरक्षित दूरी बनाए रखने और अतिरिक्त सावधानी बरतने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है।इस संबंध में सहसों टोल प्लाजा के मैनेजर राहुल तिवारी ने बताया कि यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। उन्होंने कहा कि टोल प्लाजा परिसर एवं शौचालयों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इसके अलावा, टोल प्लाजा पर 24 घंटे एंबुलेंस, क्रेन और प्रशिक्षित पैरामेडिकल स्टाफ की व्यवस्था उपलब्ध है। जोकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता प्रदान करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि ये सभी आपातकालीन सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। ताकि यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और भरोसेमंद यात्रा का अनुभव मिल सके।

## स्कूल जाते समय छात्रा का अपहरण मुकदमा दर्ज, मिली धमकी

**मऊआइमा।** मऊआइमा में स्कूल जा रही छात्रा का रास्ते में एक युवक ने अपहरण कर लिया।जब छात्रा के पिता ने फोन लगा कर पूछा तो गालियां दी गई और शिकायत पर जान से मारने की धमकी दी गई। छात्रा के पिता ने मऊआइमा थाने में एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव की एक 17 वर्षीय किशोरी 16 दिसम्बर को सुबह स्कूल जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में छात्रा को दूसरे गांव का एक युवक अपहरण कर ले गया। शाम तक छात्रा के न आने पर परिजन चिंतित हो उठे और छात्रा की तलाश में जुट गए।बाद में मालूम हुआ कि दूसरे गांव का युवक छात्रा का अपहरण कर ले गया है। छात्रा के पिता का आरोप है कि जब वह युवक के पास फोन लगाकर पूछा तो युवक गालियां देते हुए कहा कि तुम्हारी लडकी मेरे पास है में उससे शादी करूंगा।यदि थाने में शिकायत किए तो मार डाऊंगा। बहुत तलाशने के बाद जब छात्रा नहीं मिली तो छात्रा के पिता ने मऊआइमा थाने में मोहम्मद अदनान सिद्दीकी पुत्र मोहम्मद मन्नान उर्फ बुल बुल ग्राम सराय ख्वाजा के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश और छात्रा की बरामदगी में लगी हुई है।

# सीबीएसई बोर्ड की मान्यता से शंकरगढ़ में खुशी की लहर

अखंड भारत संदेश

## न्यू सेंट्रल एकेडमी को सीनियर सेकेंडरी तक सभी विषयों में मिली सीबीएसई मान्यता



**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ क्षेत्र के लिए यह एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण उपलब्धि है। क्षेत्र के कपसो अतरी में स्थित न्यू सेंट्रल एकेडमी को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (उइरए) से सीनियर सेकेंडरी (कक्षा 12) तक सभी वर्गों एवं सभी विषयों में मान्यता प्राप्त हो गई है।वर्ष 2023 में स्थापित न्यू सेंट्रल एकेडमी ने अल्प समय में ही शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सशक्त पहचान बनाई है। सीबीएसई से मिली यह मान्यता विद्यालय के उच्च शैक्षणिक स्तर, अनुशासित वातावरण, योग्य शिक्षकों तथा आधुनिक शैक्षणिक संसाधनों का प्रमाण मानी जा रही है।मान्यता मिलने की खुशी में विद्यालय परिसर में हर्षोल्लास का माहौल देखने को मिला। विद्यालय के प्रबंधक अंकुश मिश्रा ने सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं शुभचिंतकों को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय परिवार, अभिभावकों और क्षेत्रवासियों के सामूहिक सहयोग का परिणाम है। वहीं विद्यालय की प्रधानाचार्या शीतल सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय का लक्ष्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है।न्यू सेंट्रल एकेडमी में शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद, संगीत एवं सांस्कृतिक गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जाता है। नियमित खेल प्रशिक्षण, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास को बढ़ावा दिया जा रहा है।सीबीएसई मान्यता मिलने से अब शंकरगढ़ एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को सीबीएसई पाठ्यक्रम की पढ़ाई के लिए बाहर शहर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे अभिभावकों का समय और धन दोनों की बचत होगी। अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों ने इस उपलब्धि को शंकरगढ़ के शैक्षिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता को सभी के सहयोग का परिणाम बताते हुए भविष्य में और भी बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं, आधुनिक संसाधन तथा नवाचार आधारित शिक्षा उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है।

# करछना में महिला से दुष्कर्म का आरोप

अखंड भारत संदेश

## जेठ सहित परिजनों पर मुकदमा दर्ज



**करछना प्रयागराज।** थाना करछना क्षेत्र की एक महिला ने अपने जेठ पर दुष्कर्म का गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पीड़िता ने बताया कि उसके पति पिछले दो वर्षों से सऊदी अरब में रहकर काम करते हैं और वह अपने दो बच्चों के साथ घर पर रहती हैं। पीड़िता के अनुसार उनका जेठ अन्सार अहमद पुत्र मोहम्मद इदीश लंबे समय से उन पर बुरी नजर रखता था और पूर्व में भी अश्लील हरकतें कर चुका था। आरोप है कि 21 सितंबर 2025 की रात करीब 10 बजे आरोपी जबरन उनके कमरे में घुस आया और मुंह दबाकर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।घटना के बाद पीड़िता ने अपनी जेठानी और देवरानी को आपबीती बताई, लेकिन मामले को दबाने का दबाव बनाया गया। अगले दिन मायके जाने के प्रयास में पीड़िता के साथ मारपीट कर नकदी व आभूषण से भरा बैग छीन लिया गया।इस संबंध में थाना प्रभारी करछना अनूप सरोज ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है और मामले की विवेचना कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# नवागत एसीपी ने सहायक पुलिस आयुक्त थरवई का संभाला चार्ज

अखंड भारत संदेश

## अपराध की रोकथाम एवं त्वरित कार्यवाही, त्वरित निस्तारण व लूटपाट करने वालों पर सख्त कार्यवाही : एसीपी अरुण पाराशर




**थरवई।** आगरा जनपद के रहने वाले तेज तर्रार अधिकारी अरुण पराशर ने सहायक पुलिस आयुक्त थरवई पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज का संभाला चार्ज। चार्ज संभालते ही सर्किल के थानों के अंतर्गत पड़ने वाले क्षेत्रों की जाकारियां लीं। इस दौरान उन्होने बताया की पुलिस विभाग में एसीपी थरवई के रूप में पहला कार्यभार सौंपा गया। सहायक पुलिस आयुक्त थरवई के रूप में आये अरुण पाराशर ने अपनी ड्यूटी के प्रति जिम्मेदारी को निभाएंगे एवं क्षेत्र में अगर कोई किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न करता है तो एवं आये हुए फरियादियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण, अपराध व अपराधियों पर कसा जाएगा शिकंजा एवं कार्यों किसी भी प्रकार की शिथिलता भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लूटपाट, छिनैती, चोरी आदि जैसी घटनाओं को कारित करने वाले पर होगी सख्त कार्यवाही। वहीं जन समस्याओं में आने वाले प्रार्थना पत्रों पर भी निस्तारण में होगी तेजी। अरूण पाराशर मूल रूप से जनपद आगरा के रहने वाले हैं जो पूर्व में भारतीय सेना 11 वर्ष तक मेडिकल ऑफिसर के रूप कार्यरत रहे जिसके उपरांत 2023 बैच के पीसीएस अधिकारी उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में चयन हुआ जो वर्तमान में सहायक पुलिस आयुक्त थरवई का कार्यभार ग्रहण कर क्षेत्र की समस्याओं को जाना एवं प्रभावशाली पड़ने वाले क्षेत्रों पर भी उनकी विशेष नजर रही। वहीं बताया की अगर क्षेत्र में कोई भी किसी भी प्रकार से शांति व्यवस्था में बाधा डालता है तो होगी कार्यवाही एवं अपराधियों पर कसा जाएगा शिकंजा। पिता भी शिक्षा के कार्यरत रहे वहीं पत्नी भी कंप्यूटर इंजीनियर के पद कार्यरत हैं। ऐसा देखा जा रहा घर का पूरा माहौल ही शिक्षित परिवार है जिससे हर बेटा या बेटी एक अच्छे मुकाम को हासिल किया और अपने लक्ष्य को पाने में कड़ी मेजनत व सच्ची लगन रही जो सफल रहे। नवागत एसीपी अरुण पाराशर शिक्षा में अग्रणी रहे एवं हाईस्कूल, इंटरमीडिएट में साइंस से रहे एवं एम बी बी एस की भी पढ़ाई की है भारतीय सेना में मेडिकल ऑफिसर के रूप में ग्यारह वर्ष तक सेवा दी है। उनका सपना है कि अपनी ड्यूटी के प्रति सजग व जिम्मेदारी के साथ निभाएंगे और हर अन्याय पर न्याय की जीत दिलाएंगे। अपराध कोई भी हो बर्दाश्त नहीं, होगी कार्यवाही।

## एसआईआर अभियान को लेकर भाजपा कार्यकताओं की हुई बैठक



**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी मंडल सहसों के कार्यकताओं की एक आवश्यक बैठक गहन मतदाता पुनरीक्षण प्रपत्र (एसआईआर) अभियान को लेकर कमला वाटिका, सहसों बाईपास में एक बैठक मंडल अध्यक्ष पुष्कर पटेल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल एवं मंडल प्रभारी कुंवर मृगेंद्र सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए बताया कि एसआईआर अभियान के अंतर्गत अब मृतक, स्थानांतरित (शिफ्टेड) एवं अनुपस्थित मतदाताओं की पहचान करना प्राथमिक कार्य है। इस संबंध में संबंधित सूचियां बीएलओ के पास उपलब्ध हैं।उन्होंने निर्देश दिया कि सभी बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक एवं बीएलओ अपने-अपने बूथों पर जाकर सूची का गहन निरीक्षण करें तथा मृतक, शिफ्टेड या अनुपस्थित मतदाताओं का भौतिक सत्यापन कर संतुष्ट हो लें, जिससे मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन किया जा सके। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री पवन कुमार शुक्ला ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शिव बाबू केसरवानी, चंद्रशेखर सिंह, सूर्यमणि पांडे, संतोष भारतीय, मुकेश कुमार दुबे, राघवेंद्र सिंह, जितेंद्र तिवारी, दया सिंह, अजय कुमार सिंह, आनंद त्रिपाठी, अनिल सिंह, रंजय पटेल, पुष्पा प्रजापति, देवेंद्र मिश्रा, राजेंद्र सरोज सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शास्त्री पुल पर डंपर का कहर, बाइक सवारों को रौंदा, युवक को 500 मीटर तक घसीटा







अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** प्रयागराज-वाराणसी मार्ग पर स्थित शास्त्री पुल पर गुरुवार की रात हिट एंड रन की एक रूह कपा देने वाली घटना सामने आई है। नो-एंट्री खुलने के बाद शहर से बाहर निकल रहे एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार दो युवकों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा युवक डंपर के पिछले हिस्से में फंस गया। चश्मदीदों के मुताबिक हादसे के बाद चालक ने ट्रक रोकने के बजाय रफ्तार बढ़ा दी। डंपर में फंसा युवक करीब 500 मीटर तक शास्त्री पुल से झूंसी पुलिया तक घिसटता चला गया। पीछे से आ रहे राहगीरों ने जब शोर मचाया और डंपर को घेरने का प्रयास किया, तब जाकर चालक ने वाहन रोका और मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड के जरिए उसकी पहचान दारागंज निवासी विशाल मिश्रा (33) के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि विशाल अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था और वर्तमान में झूंसी में रहता था। दूसरे मृतक की शिनाख्त अभी नहीं हो पाई है। हादसे के कारण वाराणसी लेन पर लंबा जाम लग गया। नई झूंसी चौकी इंचार्ज हरिशंकर मिश्रा ने बताया कि डंपर को कब्जे में ले लिया गया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## मनोज गुप्ता बनेंगे उत्तराखंड के चीफ जस्टिस

**प्रयागराज।** उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति बनने जा रहे जस्टिस मनोज कुमार गुप्ता का साढ़े 17 वर्षीय रेप पीड़िता को 31 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति देने वाला फैसला काफी चर्चित रहा क्योंकि इस फैसले में उनका मानना था कि गर्भवती महिला की इच्छा और सहमति सर्वोपरि है, भले ही गर्भावस्था को समाप्त करने में मां और बच्चे के जीवन को खतरा हो। इसके अलावा समाज में न्याय पालिका की साख बढ़ाने वाले उन्होंने कई महत्वपूर्ण निर्णय दिए। इनमें कुछ मुख्य हैं ओमेक्स बिल्डहोम लिमिटेड को 25 करोड़ रुपये जमा करने और नोएडा में रुके हुए प्रोजेक्ट्स में घर खरीदारों के पक्ष में पहले से जारी 170 फ्लैट्स के अलावा 50 फ्लैट्स जारी करने का निर्देश दिया। केवल अतिक्रमण का खतरा और यह कहना कि भूमि का उपयोग सार्वजनिक उद्देश्य के लिए नियोजित विकास के लिए किया जाना है, भूमि अधिग्रहण अधिनियम 1894 की धारा 17 के तहत शर्तों को पूरा नहीं करता है और भूमि मालिकों की आपत्तियों को सुनने और निर्णय लेने की आवश्यकता को खारिज नहीं करता है। उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल और हेड कांस्टेबल सेवा नियम 2015 के तहत डिवीजनल मेडिकल बोर्ड द्वारा अपील खारिज करने के बाद पुनः चिकित्सा परीक्षण का कोई प्रावधान नहीं है। 35 वर्षीय कानून छात्र को पांच लाख रुपये का मुआवजा दिया, जिसे नियमों के विरुद्ध लॉ कॉलेज में प्रवेश दिया गया था और पहले सेमेस्टर की परीक्षा में सफल होने के बाद प्रवेश रद्द कर दिया गया था। अनुबंध विवाद में रिट याचिका दायर की जा सकती है यदि यह अनुबंध/समझौते द्वारा बनाए गए अधिकारों की रक्षा के लिए की गई है। यह भी कहा कि अनुबंध के तहत नए अधिकारों का दावा नहीं किया जा सकता है।

**जीवन परिचय :** मनोज कुमार गुप्ता ने अक्टूबर 1987 में लखनऊ यूनिवर्सिटी से लॉ की डिग्री हासिल करने के बाद उसी वर्ष अधिवक्ता के तौर पर पंजीकरण कराया और हाईकोर्ट में वकालत करने लगे। उन्हें सिविल, रेंट कंट्रोल व संवैधानिक मामलों की वकालत में महारत हासिल थी। 12 अप्रैल 2013 को वह इलाहाबाद हाईकोर्ट के एडिशनल जज और 10 अप्रैल 2015 को स्थायी न्यायाधीश बने। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अल्तमश कबीर ने इनके नाम की संस्तुति की थी और राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने नियुक्ति पर मुहर लगाई थी। जस्टिस मनोज कुमार गुप्ता 22 नवंबर 2023 से 2024 तक इलाहाबाद हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश भी रहे।

## माघ मेले में यातायात व्यवस्था सुगम बनाने के लिए मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में बैठक सपन्न

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** माघ मेला 2026 के दौरान यातायात व्यवस्था को और सुगम बनाने के दृष्टिगत मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय स्थित गांधी सभागार में जनपद एवं मेला क्षेत्र के साइनेज प्लान की बैठक संपन्न हुई जिसमें पुलिस, प्रशासन एवं अन्य सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में सर्वप्रथम जनपद के साइनेज प्लान के संबंध में की गई तैयारियों की जानकारी देते हुए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पुष्कर वर्मा ने अवगत कराया कि माघ मेले के दृष्टिगत लगभग 5200 से अधिक साइनेज लगाने की योजना है तथा इन्हें लगाने हेतु स्थानों का चिन्हांकन 7 वर्गों में किया गया है। साइनेज को डायवर्जन प्वाइंट, जनपदीय सीमा, पार्किंग एवं होल्डिंग एरिया, बस अड्डे, रेलवे स्टेशन, चौराहे एवं मेला क्षेत्र की सीमाओं पर लगाया जाएगा। जनपद के बाहर बनाए गए डायवर्जन प्वाइंट्स पर भी साइनेज लगाए जाएंगे।इसके अतिरिक्त प्रयागराज आने वाले सभी सातों मार्गों पर लगाए जा रहे साइनेज की कलर कोडिंग भी की जाएगी जिसके अंतर्गत जौनपुर मार्ग पर ग्रे, वाराणसी मार्ग पर मस्टर्ड, मिर्जापुर/सोनभद्र मार्ग पर गुलाबी, रीवा/सतना मार्ग पर वायलेट, कानपुर/कौशांबी मार्ग पर पीले, लखनऊ मार्ग पर हरे तथा सुल्तानपुर मार्ग पर भूरे रंग के साइनेज लगाए जाएंगे। आने वाले श्रद्धालुओं को विभिन्न स्थानों एवं मार्गों को पहचानने में आसानी हो इसके दृष्टिगत इन साइनेजों पर प्रतीकात्मक चिह्न (जैसे जानवर) लगाने की व्यवस्था भी की जा रही है। पार्किंग, होल्डिंग एरिया तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर सभी इमरजेंसी नंबर्स के साथ साथ मेला हेल्पलाइन एवं संबंधित अधिकारियों के नंबर भी साइनेजों पर प्रदर्शित करने की योजना है।बैठक में एडीआरएम एनसीआर दीपक कुमार, अपर मेला अधिकारी दयानंद प्रसाद, रीजनल ट्रांसपोर्ट अफसर हिमेश तिवारी समेत अन्य सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के सम्बंध में राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन, त्रुटिरहित एवं विसंगतियों से मुक्त बनाना

पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में अवश्य सम्मिलित रहे तथा अपात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में न हो सम्मिलित-जिलाधिकारी

मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए फार्म-6 भरकर करें जमा




अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी।बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अन्तर्गत हो रहे एएसडी मतदाताओं के पुर्नसत्यापन व मैपिंग के कार्यों की प्रगति एवं गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन, त्रुटिरहित एवं विसंगतियों से मुक्त बनाये जाना है, जिसमें पात्र मतदाताओं का नाम अवश्य सम्मिलित रहे और अपात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित न रहे। इस कार्य में आप सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की विशेष भूमिका है, जिसके लिए आपके सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बीएलओ के द्वारा बनायी गयी मतदाताओं की एएसडी लिस्ट को आप सभी लोगो के साथ साझा किया गया है, यदि कोई व्यक्ति गलती से एएसडी लिस्ट में सम्मिलित हो गया है, तो उसे अभी 26 दिसम्बर तक रोलबैक कराया जा सकता है अन्यथा सम्बंधित मतदाता का नाम ड्राफ्ट प्रकाशन की लिस्ट में सम्मिलित नहीं होगा। अतः आपसे अनुरोध है कि आपके द्वारा नियुक्त बीएलए पूरे डेडीकेशन के साथ लग कर बीएलओ का सहयोग करें, जिससे कोई भी योग्य मतदाता छूटने न पाये।

जिलाधिकारी ने बताया कि बीएलओ के द्वारा मृतक, पूर्ण रूप से स्थानातरित, डुप्लीकेट/आल रेडी इनरोल्ड, अनुपस्थित एवं अन्य मतदाताओं को चिन्हित कर बनायी गयी एएसडी लिस्ट को आप सभी राजनैतिक दलों के द्वारा नियुक्त बीएलए के साथ साझा किया गया है और सभी बूथों पर चस्पा भी कराया गया है और एएसडी मतदाताओं की मतदेय स्थलवार सर्चेबल फार्मेट पर तैयार की गयी लिस्ट को जनपद प्रयागराज की वेबसाइट- पर अपलोड भी किया गया है, जिसपर जनसामान्य अपना नाम एएसडी सूची में देख सकते है, यदि किसी व्यक्ति का नाम बीएलओ के द्वारा एएसडी लिस्ट में गलत चिन्हित कर लिया गया है, तो वह अपना नाम सम्बंधित बीएलओ अथवा ईआरओ से सम्पर्क कर रोलबैक करा सकता है। जिलाधिकारी ने बैठक में बताया कि अभी एएसडी वोटर्स पर विशेष फोकस कर उन्हें ढूढंने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि अपने-अपने बूथों पर जाकर अपना नाम एएसडी लिस्ट में चेक कर लें, यदि किसी गलती से उनका नाम एएसडी लिस्ट में सम्मिलित हो गया है, तो वह अपना नाम रोलबैक करा ले। बताया कि कुल 28,56,676 (81.38 प्रतिशत) मतदाताओं का डिजिटाइजेशन के अनुसार मैपिंग का कार्य दिनांक 19 दिसम्बर के अपरान्हन 02:00 बजे तक पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि बीएलओ के पास फार्म-6 उपलब्ध करा दिए गए है, जिन लोगो ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर लिया है, लेकिन अभी तक उनका नाम वोटर लिस्ट में नहीं है या ऐसे लोग जो अर्हता तिथि 01.01.2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे है या ऐसे मतदाता जो पूर्व में मतदाता थे, लेकिन किन्हीं कारणों से मतदाता सूची में उनका नाम नहीं है, तो वह सभी फार्म-6 भरकर जमा कर सकते है, ऐसे सभी मतदाताओं का नाम 28 फरवरी, 2026 के फाइनल ड्राफ्ट रोल में आ जायेगा। नए वोटर्स बनाये जाने का अभियान भी चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों से इस अभियान में सहयोग करने के लिए एवं बीएलओ से सम्पर्क कर फार्म-6 अनुलग्नक-4 सहित घोषणापत्र के साथ बीएलओ को उपलब्ध कराने के लिए अनुरोध किया।

जिलाधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपने-अपने बूथ लेवल एजेंट को और अधिक सक्रिय करने व सम्बंधित बीएलओ से एएसडी लिस्ट को अवश्य रिसीव कर लें और लिस्ट का अवलोकन कर लिस्ट में सम्मिलित लोगो को ट्रेस करने में बीएलओ को अपना सहयोग प्रदान करें। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वे सभी एएसडी लिस्ट में चिन्हित मतदाताओं का सर्वे कराकर अपने स्तर से भी पुष्टि अवश्य कर लें, यदि किसी भी मतदाता का एएसडी लिस्ट में गलत अंकन हो गया है, तो उसका रोलबैक अवश्य करा लें। कोई भी पात्र मतदाता एएसडी लिस्ट में सम्मिलित न रहे। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती पूजा मिश्रा, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण एवं अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कफ सिरफ मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत भी होगी कार्रवाई, आरोपियों की गिरफ्तारी का रास्ता साफ

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि कोडीन युक्त कफ सिरप का उपयोग चिकित्सा उद्देश्यों के बजाय नशे के लिए किया जा रहा है, तो ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के साथ ही एनडीपीएस एक्ट के तहत भी कार्रवाई की जा सकती है। यह टिप्पणी करते हुए कोर्ट ने प्राथमिकी रद्द करने व गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग में दायर याचिका को खारिज कर दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति अचल सचदेव की खंडपीठ ने बीरेंद्र लाल वर्मा और चार अन्य व शुभम जायसवाल सहित लगभग 40 आरोपियों की याचिका पर दिया है।सोनभद्र, गाजियाबाद, वाराणसी, कानपुर और जौनपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में पुलिस और आबकारी विभाग ने कफ सिरप की लाखों बोतलें पकड़ी थीं। जांच में पाया गया कि ये सिरप रांची (झारखंड) से फर्जी बिलों और ई-वे बिलों के जरिए उत्तर प्रदेश और अन्य पड़ोसी राज्यों जैसे बिहार और त्रिपुरा में तस्करी किए जा रहे थे। इस मामले में पुलिस ने वाराणसी के शुभम जायसवाल सहित लगभग 40 लोगों के खिलाफ विभिन्न जिलों प्राथमिकी दर्ज की है। आरोपियों ने इन एफआईआर को रद्द करने व गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग में याचिका दायर की थी।

### नशे के रूप में किया जाता है कोडिन का इस्तेमाल

याची अधिवक्ता ने दलील दी कि ये दवाएं लाइसेंस के तहत बेची जा रही हैं और कोडीन की मात्रा कम होने के कारण यह एनडीपीएस एक्ट के दायरे में नहीं आता। वहीं अपर महाधिवक्ता अनूप त्रिवेदी व अधिवक्ता परितोष मालवीय ने दलील दी कि पकड़ी गई दवा में कोडीन का इस्तेमाल किया गया है। ऐसे में कोडीन का दवा के बजाए नशे के रूप में इस्तेमाल किया जाता है तो एनडीपीएस एक्ट के तहत भी कार्रवाई की जा सकती है।कोर्ट ने पक्षों को सुनने के बाद माना कि "ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट" बाजार में मानक बनाए रखने के लिए है, जबकि "एनडीपीएस एक्ट" नशे के अवैध कारोबार को रोकने के लिए बनाया गया कानून है। ऐसे में दोनों कानून एक साथ लागू हो सकते हैं। हाईकोर्ट ने सभी याचिकाओं को खारिज करते हुए पुलिस को सावधानीपूर्वक और बिना किसी दुर्भावना के जांच जारी रखने का निर्देश दिया है। लाइसेंस की आड़ में नशीली दवाओं की कालाबाजारी में शामिल हैं। अब उन्हें एनडीपीएस एक्ट की कठोर धाराओं और लंबी जेल की सजा का सामना करना पड़ सकता है।

## खाद की किल्लत के बीच काला बाजारी से किसानों पर प्रहार

**करछना प्रयागराज।** तहसील क्षेत्र में खाद की किल्लत से किसान बेहाल है। उन्हें समय पर खाद न मिलने से फसल खराब होने का डर सता रहा है। वह दूसरी तरफ सहकारी समिति की साट गांठ से खाद की काला बजारी कर अधिक पैसा लेकर किसने पर दोहरा प्रहार किया जा रहा है। कटका गांव के किसान बबलू, झिरी लक्ष्मीपुर निवासी धीरज कुमार दुबे, महेवा निवासी तेरसू पाल ने बताया कि क्षेत्र के अन्तहिया गांव में सहकारी समिति का संचालन किया जा रहा है। लेकिन खाद की खेप आने पर समिति के बजाय कचरी गांव के सामने एक प्राइवेट कमरे में रख दिया जाता है। किसानों को समय पर खाद देने के बजाय बाद में अधिक पैसा लेकर दी जाती है। इस समय तहसील क्षेत्र के विभिन्न समितियां पर सन्नाटा पसरा हुआ है। इसी का फायदा उठाकर इफको कंपनी की खाद कचरी गांव के सामने दुकानदार द्वारा किसानों से आधार लेकर अंगूठा लगवाने के बाद खाद दिया जा रहा है। किसानों ने बताया कि एक दिन में 15 से 20 लोगों को सिर्फ खाद दिया जाता है। जबकि अन्य को दूसरे दिन बुलाकर परेशान किया जा रहा है। किसानों से 270 रुपए मूल्य की खाद 280 तथा उसके साथ 120 रुपए का अलग से दवा दिया जाता है। जो किसान खाद के साथ दवा लेने से मना करते हैं तो उन्हें खाद नहीं दिया जाता। सहकारी समिति के संचालक व दुकानदार की मनमानी रवैया से किसान त्रस्त आ चुके हैं। महगे दामों पर खाद लेने के लिए किसानों को मजबूर किया जा रहा है।

## धूमनगंज में युवक की झुलसकर मौत, छानबीन में जुटी पुलिस

**प्रयागराज।** धूमनगंज थाना क्षेत्र के नेहरू पार्क के पास संदिग्ध दशा में झुलसकर एक युवक की मौत हो गई। घटना की जानकारी सुबह हुई। युवक की जली लाश मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुट गई। युवक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस कई पहलुओं पर छानबीन कर रही है। युवक की उम्र (30) वर्ष के आसपास बताई जा रही है। कुछ लोग अलाव से जलकर मौत की बात कह रहे हैं जबकि कुछ लोग हत्या की आशंका जाहिर कर रहे हैं।

## जमानत के बाद लापता मौलाना खुर्शीद जमाल कादरी मामले की सुनवाई 6 जनवरी को

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उम्रकैद की सजा पाए मौलाना खुर्शीद जमाल कादरी की पेशी से संबंधित मामले की अगली सुनवाई 6 जनवरी को तय की है। कादरी सजा के खिलाफ दाखिल अपील में जमानत मिलने के बाद से लापता चल रहे हैं। अदालत ने कहा कि जमानत मिलने के बावजूद कादरी अब तक न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हुए हैं। उनकी गिरफ्तारी और पेशी के लिए वारंट जारी किया जा चुका है, लेकिन प्रदेश की पुलिस अब तक उनका पता लगाकर कोर्ट में पेश कराने में विफल रही है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से यह बताने को कहा था कि कादरी की गिरफ्तारी कर पेशी सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी किस केंद्रीय एजेंसी को सौंपी जाए।यह मामला न्यायमूर्ति जेजे मुनीर और न्यायमूर्ति संजीव कुमार की खंडपीठ के समक्ष लंबित है। खंडपीठ ने इस संबंध में डिप्टी सॉलिसिटर जनरल से आवश्यक जानकारी तलब की थी।गौरतलब है कि प्रयागराज के धूमनगंज थाना क्षेत्र के एक आपराधिक मामले में ट्रायल कोर्ट ने मौलाना खुर्शीद जमाल कादरी को दोषी ठहराते हुए वर्ष 1984 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इस फैसले के खिलाफ कादरी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में अपील दाखिल की, जिसमें उन्हें जमानत मिली। जमानत मिलने के बाद से वे फरार हैं और लगातार अदालत में पेश होने से बच रहे हैं।

### बिना तलाक, लिव-इन में रह रही महिला की सुरक्षा याचिका खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि पति या पत्नी से विधिवत तलाक प्राप्त किए बिना किसी अन्य व्यक्ति के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रहने का अधिकार नहीं है। इसी आधार पर अदालत ने लिव-इन में रह रहे एक जोड़े द्वारा सुरक्षा की मांग को लेकर दायर याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह ने कहा कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार निरपेक्ष नहीं है। कोई भी व्यक्ति अपनी स्वतंत्रता के नाम पर अपने जीवनसाथी के कानूनी अधिकारों का उल्लंघन नहीं कर सकता। याचियों ने दलील दी थी कि वे दोनों बालिग हैं और पति-पत्नी के रूप में एक साथ रह रहे हैं। उन्हें परिवारजनों से जान का खतरा है, इसलिए सुरक्षा प्रदान की जाए। सरकारी वकील ने याचिका का विरोध करते हुए बताया कि महिला पहले से ही दिनेश कुमार की पत्नी है और उसने अब तक तलाक नहीं लिया है। ऐसे में किसी अन्य व्यक्ति के साथ उसका रहना कानूनन गलत है। कोर्ट ने कहा कि दो वयस्कों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता में हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता, यहां तक कि माता-पिता भी इसमें बाधा नहीं बन सकते। लेकिन यह स्वतंत्रता वहां समाप्त हो जाती है, जहां किसी अन्य व्यक्ति का कानूनी अधिकार शुरू होता है। अदालत ने कहा कि एक जीवनसाथी को अपने पति या पत्नी के साथ रहने का वैधानिक अधिकार है और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के नाम पर उसे उस अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता। न ही ऐसे रिश्ते को संरक्षण देने के लिए सुरक्षा उपलब्ध कराई जा सकती है। कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि जब याची पहले से विवाहित हैं और उनके जीवनसाथी जीवित हैं, तो बिना तलाक लिए किसी तीसरे व्यक्ति के साथ लिव-इन संबंध में रहने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

# त्वरित योजनाओं में नये प्रस्ताव तैयार कर शासन को करें प्रेषित : डीएम



अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी द्वारा कैम्प कार्यालय के सभागार में जनपद की महत्वपूर्ण परियोजनाओं की प्रगति यथास्थिति पाये जाने की समीक्षा की गयी। बैठक में जीजीआईसी 100 बेडेड छात्रावास की यथास्थिति की जानकारी ली गयी तो कार्यदायी संस्था सी एण्ड डीएस यूनिट-10 द्वारा बताया गया कि बजट की उपलब्धता न होने के कारण कार्य 1 वर्ष से बन्द है जिस पर डीएम ने निर्देशित किया कि नियमानुसार पत्राचार कर शासन को पत्र प्रेषित किया जाये जिससे निर्माण कार्य को पूर्ण कराया जा सके। बैठक में बताया गया कि नगर पंचायत पृथ्वीगंज कार्यालय भवन के निर्माण हेतु भूमि की उपलब्धता नही हो पा रही है जिस पर जिलाधिकारी ने फोन के माध्यम से उपजिलाधिकारी रानीगंज को निर्देशित किया कि भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाये। राजकीय पालीटेक्निक प्रेमधर पट्टी के निर्माण में विवादित प्रकरण का निस्तारण न होने से कार्य बन्द है जिस पर सम्बन्धित को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि त्वरित योजना में टूरिज्म हास्टल, ओडिटोरियम व कन्वेंशन सेन्टर के प्रस्ताव तथा जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव को शामिल कर शासन को भेजा जाये जिससे त्वरित योजना के अन्तर्गत जनपद में कार्य कराया जा सके। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0एन0 प्रसाद, जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी, अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग सुजीत कुमार राय व अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कार्यदायी संस्था उपस्थित रहे।

## डीसी मनरेगा ने ब्लाक आसपुर देवसरा व गौ आश्रय स्थल उमरडीहा का किया निरीक्षण

### मनरेगा योजना के कार्यों में लापरवाही पर बीडीओ आसपुर देवसरा को कड़े निर्देश

प्रतापगढ़। उपायुक्त श्रम रोजगार संतोष कुमार सिंह द्वारा विकास खण्ड आसपुर देवसरा का औचक निरीक्षण किया गया तथा मनरेगा स्टाफ के साथ बैठक कर मनरेगा योजना की समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान श्रमिक नियोजन, कार्यपूर्णता, मनरेगा श्रमिकों की ई-केवाईसी एवं मनरेगा श्रमिकों के ससमय भुगतान में संतोषजनक प्रगति न पाये जाने पर खण्ड विकास अधिकारी आसपुर देवसरा धर्मेन्द्र सिंह को सख्त निर्देश देते हुये एक सप्ताह के भीतर अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित कराये जाने हेतु कहा गया। बैठक के पश्चात विकास खण्ड आसपुर देवसरा में संचालित अस्थायी गौआश्रय स्थल उमरडीहा का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी आसपुर देवसरा द्वारा अवगत कराया गया कि गौआश्रय स्थल में कुल 266 गौवंश संरक्षित है जिसमें 154 नर एवं 112 मादा है। गौशाला में बना सिकवार्ड मानक के अनुरूप नही बनाया गया है। गौआश्रय स्थल पर विद्युत न होने पर किसी प्रकार की वैकल्पिक व्यवस्था नही की गयी है। गौआश्रय स्थल पर पायी गयी कमियों के सन्दर्भ में खण्ड विकास अधिकारी आसपुर देवसरा को निर्देशित किया गया कि तीन दिवस के भीतर प्राथमिकता के आधार कमियों का निराकरण कराने के साथ-साथ ठण्ड के मौसम के दृष्टिगत शेडों को मजबूत त्रिपाल से ढकने व अलाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये तथा गौआश्रय स्थल पर विद्युत आपूर्ति न होने की दशा में सोलर अथवा इन्वर्टर की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये। गौआश्रय स्थल के नियमित साफ-सफाई कराये जाने के निर्देश भी खण्ड विकास अधिकारी आसपुर देवसरा को दिये गये।

## चेहरा प्रमाणीकरण न करने पर लाभार्थियों को विभाग द्वारा प्रदत्त पुष्टाहार से होना पड़ेगा वंचित

प्रतापगढ़। जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य ने बताया है कि जनपद प्रतापगढ़ के बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के अन्तर्गत समस्त विकास खण्डों में बाल विकास परियोजनाओं के अन्तर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पंजीकृत लाभार्थियों को ई-केवाईसी तथा चेहरा प्रमाणीकरण (एफआरएस) कराना अनिवार्य है। पोषाहार वितरण के समय भी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा पंजीकृत लाभार्थी का चेहरा प्रमाणीकरण करने के पश्चात ही पोषाहार का वितरण किया जायेगा। भारत सरकार की यह एक विशिष्ट पहल है, जिसमें लाभार्थियों एवं जन सहयोग अति आवश्यक है, चेहरा प्रमाणी करण न करने पर लाभार्थियों को विभाग द्वारा प्रदत्त पुष्टाहार से वंचित होना पड़ेगा, समस्त बाल विकास परियोजनाओं के अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों पर कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों जिनका चेहरा प्रमाणीकरण तथा ई-केवाईसी का कार्य अभी शेष है तथा जिन आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा बिना चेहरा प्रमाणीकरण के ही पोषाहार का वितरण किया गया है, उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है तथा समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देशित कया जाता है कि ई-केवाईसी तथा चेहरा प्रमाणीकरण का कार्य शतप्रतिशत पूर्ण करें।

## न्यूज झरोखा

### भगवान श्रीराम के नाम का जाप सबसे बड़ा मंत्र : आचार्य शिवम



प्रतापगढ़। विकासखण्ड सांगीपुर के अठेहा स्थित भगवान बाला जी मन्दिर परिसर में चल रही श्रीराम कथा में कथाव्यास ने रामनाम की महिमा का गुणगान किया। कथाव्यास आचार्य शिवम मिश्र ने कहा कि श्रीराम का नाम सबसे बड़ा मंत्र है। भगवान शिवशंकर भी श्रीराम नाम का जप करते हैं। उन्होने बताया कि सूर्य चन्द्रमा अग्नि वायु आदि में जो शक्तियां हैं वह सब राम नाम में समाहित है। कथाव्यास आचार्य शिवम ने श्रद्धालुओं को बताया कि कलियुग में भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त वीर हनुमान ऐसे देवता हैं जो भक्तों की शीघ्र सहायता करते हैं। कथा के दौरान भगवान श्रीराम के भजनों से पाण्डाल में भक्तिमय हो उठा दिखा। इस मौके पर विश्वम्भरनाथ पाठक, दयाराम मौर्य, बनवारी लाल विश्वकर्मा, जगप्रवेश मिश्र आदि मौजूद रहे।

### पंचायत भवन भावलपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर किया गया आयोजन



प्रतापगढ़। पंचायत भवन भावलपुर के प्रांगण में आयुष विभाग द्वारा एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी तथा जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी के निदेर्शानुसार सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में क्षेत्र के ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शिविर के दौरान कुल 54 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। परीक्षण के उपरांत रोगियों को उनकी बीमारी के अनुसार आयुर्वेदिक, यूनानी एवं होम्योपैथिक औषधियों का निःशुल्क वितरण किया गया। चिकित्सकों द्वारा सामान्य रोगों जैसे सर्दी-जुकाम, खांसी, बुखार, जोड़ दर्द, गैस, त्वचा रोग, मधुमेह एवं रक्तचाप से संबंधित समस्याओं की जांच की गई। साथ ही रोगियों को स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार, योग एवं आयुष पद्धतियों के नियमित उपयोग के विषय में आवश्यक परामर्श भी दिया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों को आयुष चिकित्सा पद्धतियों के प्रति जागरूक करना एवं उन्हें सुलभ, सुरक्षित व प्रभावी उपचार उपलब्ध कराना रहा। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया। आयुष विभाग द्वारा आगे भी जनहित में इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाने की बात कही गई, जिससे आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके।

### शिक्षक के निधन पर जताया शोक

प्रतापगढ़। विकासखण्ड लक्ष्मणपुर अर्न्तगत पूरे नेवाजी अजगरा स्थित पं0 पारसनाथ शुक्ल इण्टर कालेज में गणित के शिक्षक रहे उन्सठ वर्षीय रामयश पाल का बीती सोमवार की रात निधन हो गया। शिक्षकों ने शुक्रवार को शोकसभा कर शिक्षक के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यालय की प्रबन्धिका संगीता शुक्ला, प्रधानाचार्य मृत्युंजय शुक्ल, शिक्षक विपिन तिवारी, मथुरा प्रसाद तिवारी, विजय सिंह, सूर्यमणि शुक्ल, शिवशंकर दुबे, सुनील सिंह आदि ने साथी शिक्षक के प्रति गहरी संवेदना जतायी है।

### गेहूं के खेत में दवा का छिड़काव कर फसल किया नष्ट



पट्टी। विवाहिता ने गांव के ही कुछ लोगों पर उसके गेहू में खेत का दवा छिडकाव करके फसल नुकसान करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। अमुवाही गांव निवासी अंजू देवी पत्नी अनुराग मिश्रा ने पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर आरोपित किया है कि गांव के की कुछ लोगउसके खेत में दवा डाल रहे थे। जब उसने इसे देखा तो इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज करने के साथ मारने पीटने के लिए दौडा लिया। हल्ला गुहार पर आसपास के लोगों के पहुंचने पर उसकी जान बच सकी। साथ ही विवाहिता ने पडोसियों पर अपने खेत की जोताई व बुवाई उक्त लोगों द्वारा न करने देने का आरोप लगाते हुए तहरीर पट्टी कोतवाली में दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### भांजे ने मौसी की बेटी को खिलाया जहर, पुलिस ने पकड़ा

पट्टी। आसपुर देवसरा क्षेत्र के मझिगवां में भांजे ने मौसी की बेटी को जहरीला पदार्थ खिलाने का प्रयास किया। पीड़िता समय पर इलाज मिलने से बच गई। पुलिस ने शुक्रवार को अभियुक्त अमन गौतम उर्फ सर्वेस (22) को देवसरा पेट्रोल पंप के पास से गिरफ्तार कर लिया।मझिगवां निवासी वादी ने बताया कि रिश्ते में उनका भांजा अमन गौतम पुत्र रामदेव गौतम निवासी सोनपुरा ढकवा ने 17 दिसंबर को उनकी पुत्री को जहर मिला पदार्थ खिला दिया। इलाज के बाद लड़की स्वस्थ होकर घर लौट आई। मामले में थाने में केस दर्ज हुआ था। एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में अपर एसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल व कोटवाली पट्टी के क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी विजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 सचिन पटेल, का0 कैलाश यादव व का0 वीरेन्द्र यादव की टीम ने मुखबिर सूचना पर छापा मारा। अभियुक्त मझिगवां में रहता था।पुलिस का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

### चोरी की घटना से दहशत में पीड़ित परिवार, एसपी से गुहार

प्रतापगढ़। चोरी की घटना का खुलासा न होने से परेशान पीड़ित ने एसपी से न्याय की गुहार लगायी है। उदयपुर थाना क्षेत्र के बैजलपुर गांव निवासी अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह पुत्र विजयजीत सिंह ने एसपी को भेजे गये शिकायती प्रार्थना पत्र के जरिए कहा है कि बीती उन्नीस नवंबर की रात घर में घुसे अज्ञात चोर घर से पचहत्तर हजार की नकदी व लाखों के जेवरात चुरा ले गये। घटना को लेकर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया लेकिन घटना का खुलासा माह भर में भी नहीं कर सकी। इससे पीड़ित व परिवार में भय व दहशत बना हुआ है। पीड़ित ने एसपी से न्याय की गुहार लगायी है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# जनपद में उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता कालाबाजारी पर होगी सख्त कार्यवाही

प्रतापगढ़। जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार ने जनपद के सभी किसानों से कहा है कि रबी सीजन (गेहूँ, सरसो, चना आदि) में किसानों को उर्वरक (जैसे डीएपी, एनपीके, यूरिया, एमओपी आदि) की उपलब्धता में किसी प्रकार की कमी न हो इसके लिये जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा पूर्व से ही समुचित प्रबन्ध किये गये है। जिले में सभी प्रकार के उर्वरक का पर्याप्त भण्डार उपलब्ध है तथा निरन्तर आपूतर्[ सुनिश्चित की जा रही है। किसान भाई निर्धारित दर पर नजदीकी अधिकृत उर्वरक विक्रेता केन्द्रों से आवश्यक मात्रा में उर्वरक प्राप्त कर सकते है। किसी भी प्रकार की कालाबाजारी, ओवरेरेटिंग, अनधिकृत भण्डारण अथवा बिना बिल के उर्वरक विक्री करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। इसके लिये जनपद स्तर पर सतत निगरानी की जा रही है तथा उर्वरक निरीक्षकों द्वारा नियमित रूप से छापेमारी एवं जांच की जा रही है। रबी सीजन हेतु जनपद में उर्वरकों की मांग के अनुसार पर्याप्त मात्रा उपलब्धता है। किसाने से अनुरोध है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और नियमित रूप से अपनी आवश्यकता के अनुसार उर्वरकों का क्रय करें। उन्होने बताया है कि जनपद में यूरिया 12275 मैट्रिक टन, डीएपी 5495 मैट्रिक टन, एनपीके 5815 मैट्रिक टन की उपलब्धता है। उन्होने सभी लाइसेन्स धारी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि वे कृषकों को उनकी जोतध्भूमि (खतौनी विवरण) के आधार पर उर्वरक उपलब्ध करावें। उर्वरकों की विक्रीध्वितरण के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग, ओवर रेटिंग कालाबाजारी तथा तस्करी करते हुए जो भी विक्रेता पाया जाएगा के विरुद्ध उर्वरक अकार्बनिक, कार्बनिक या मिश्रित नियंन्त्रण आदेश -1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 में निहित प्रविधानों के अन्तर्गत कठोर कार्यवाही की जाएगी। जनपद के कृषक भाई किसी भी प्रकार के अनियमितता यथा उर्वरकों की विक्री निर्धारित दर से अधिक दर पर करने अथवा यूरिया व अन्य उर्वरकों के साथ जबरजस्ती अन्य उत्पादों की टैगिंग दुकानदार द्वारा की जाने की स्थिति में इसकी लिखित सूचना जिला कृषि अधिकारी कार्यालय अथवा दूरभाष नम्बर-7839882339 एवं 9793096573 पर दर्ज करा सकते है, जिससे संबन्धित विक्रेता के विरुद्ध दंडात्मक विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

# घंटो मानमनौवल के बाद युवक के शव का हुआ अंतिम संस्कार

अखंड भारत संदेश



लालगंज। नाले में अचेतावस्था में घायल मिले युवक की इलाज के दौरान मौत हो गयी थी। पीएम के बाद गुरूवार की रात शव घर लाया गया तो कोहराम मच गया। आरोपियों पर कार्रवाई न होने से परिजनों में आक्रोश पनप उठा और शव का अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया। इसकी जानकारी होने पर पुलिस प्रशासन में खलबली मच गयी। घंटो मानमनौवल के बाद परिजन अंतिम संस्कार को राजी हुए। लीलापुर थाना क्षेत्र के सरायताल मकई गांव निवासी दिनेश वर्मा 44 पुत्र रामेश्वर वर्मा सोलह दिसंबर की सुबह लालगंज कोतवाली के पूरे तिलकराम क्षेत्र के तिनमोहनिया के समीप अचेतावस्था में घायल पड़ा मिला था। प्रयागराज में इलाज के दौरान सत्रह दिसंबर को उसकी मौत हो गयी। मृतक के पुत्र अंकुश की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात हमलावरो के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। इधर पीएम के बाद अठारह दिसंबर की रात युवक का शव घर लाया गया। शुक्रवार की सुबह हमलावरों की गिरफ्तारी, आर्थिक सहायता, जमीन का पटटा आदि मांगों के पूरा न होने तक परिजनों ने युवक के शव का अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया। करीब छः घंटे तक चले मानमनौवल के बाद नायब तहसीलदार सदर दिनेश तिवारी के आश्वासन पर परिजन शव का अंतिम संस्कार करने पर राजी हुए। प्रभारी निरीक्षक लीलापुर मनोज पाण्डेय का कहना है कि परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सांसद खेल स्पर्धा की बैठक संपन्न

प्रतापगढ़। मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सांसद खेल स्पर्धा की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन 23 से 24 दिसंबर 2025 की तिथियों में कराने का निर्णय लिया गया है। सांसद खेल स्पर्धा में एथलेटिक्स बालक ( 100 मीटर, 200 मीटर, 800 गोला फेंक ,चक्का फेंक, भाला फेंक), एथलेटिक्स बालिका ( 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, गोला फेंक, चक्का फेंक और भाला फेंक) के अलावा कुश्ती, वॉलीबॉल, कबड्डी और बैडमिंटन की प्रतियोगिताएं तीन खेल वर्गों सब जूनियर (अंडर 14), जूनियर (अंडर 17)और सीनियर वर्ग (अंडर 19) की प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। बैठक में जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह, राजेंद्र कुमार सह विद्यालय निरीक्षक, जिला व्यायाम शिक्षक राम कुमार सिंह, जिला युवा कल्याण अधिकारी सुमित सिंह उपस्थित रहे।

## राज्य विज्ञान प्रदर्शनी मे अनिल निलय व ईशान को प्रदेश मे प्रथम स्थान मिला



प्रतापगढ़। 53वीं राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रतियोगिता मे राजकीय हाईस्कूल सराय आनादेव के विज्ञान शिक्षक अनिल कुमार निलय व माडर्न साइंस इंटर कॉलेज के बाल वैज्ञानिक ईशान शुक्ला को प्रदेश मे प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। प्रतियोगिता का आयोजन 16 दिसम्बर 2025 से 19 दिसम्बर 2025 तक वाराणसी के पीएम श्री राजकीय क्वीन्स इंटर कालेज वाराणसी मे किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक राज्य विज्ञान संस्थान प्रयागराज अनिल कुमार चतुर्वेदी रहे। प्रतियोगिता का आयोजन जूनियर सीनियर व शिक्षक संवर्ग मे किया गया। शिक्षक संवर्ग मे हरित ऊर्जा उपविषय पर अपना शिक्षण अधिगम सामग्री प्रदर्श ऊर्जा गान प्रस्तुत करते हुए अनिल निलय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निलय पाँचवी बार राज्य स्तर पर प्रतिभाग कर रहे थे एवं इससे पूर्व 2019 मे भी प्रदेश मे प्रथम स्थान प्राप्त कर चुके हैं। सीनियर संवर्ग मे माडर्न साइंस इंटर कॉलेज के बाल वैज्ञानिक ईशान शुक्ला ने उभरती हुई प्रौद्योगिकी मे प्रदेश मे प्रथम स्थान प्राप्त किया है। निलय व ईशान शुक्ला की इस उपलब्धि पर जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा ने बधाई देते हुए कहा कि दोनों ने जनपद व माध्यमिक शिक्षा विभाग का मान वढ़ाया है।

## कोर्ट के आदेश पर चार के खिलाफ केस

लालगंज। मारपीट धमकी व तोडफोड की घटना में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर चार आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के दांदूपुर पड़ान गांव की अमरावती गौतम पत्नी सालिकराम गौतम का आरोप है कि बीते दो नवंबर की सुबह जमीन विवाद को लेकर गांव के अरूण, अखिलेश पुत्रगण सदल गौतम तथा आकाश पुत्र हरिकेश व सरल पुत्र रामलाल ने एकराय होकर पीड़िता व उसके पुत्र विपिन कुमार, रंजीत तथा भतीजे अविनाश पुत्र राजकुमार को मारापीटा। आरोपियो ने घर में घुसकर तोडफोड किया व जानलेवा धमकी दी। मामले मे कार्रवाई न होने पर पीडिता ने कोर्ट में न्याय की गुहार लगायी है। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय का कहना है कोर्ट के आदेश पर चार आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## एसआईआर फार्म वितरण में भारी अनियमितता, ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

पट्टी। आसपुर देवसरा विकास खंड के बैजलपुर गांव में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत फॉर्म-6 और घोषणा पत्र वितरण में गंभीर अनियमितता का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने बूथ लेवल ऑफिसर पर घोर लापरवाही का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि अब तक सैकड़ों पात्र नागरिकों को न तो घोषणा पत्र उपलब्ध कराया गया है और न ही फॉर्म-6 का समुचित वितरण किया गया। समय रहते फॉर्म न मिलने से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने या संशोधन का अधिकार प्रभावित होने का खतरा बना हुआ है, जिससे गांव में भय और असंतोष का माहौल है।आरोप है कि ठस्० रविसेन द्वारा फॉर्म उपलब्ध न कराए जाने के कारण ग्रामीणों को अपने निजी खर्च पर फॉर्म-6 की फोटोकॉपी कराकर गांव में वितरित करनी पड़ी, जबकि यह कार्य पूरी तरह प्रशासन की जिम्मेदारी है। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई या समाधान नहीं किया गया। प्रशासनिक उपेक्षा से नाराज ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो वे उपजिला अधिकारी पट्टी से तहसील परिसर में जाकर जवाब मांगेंगे और विरोध प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीण प्रधान बृजेश, पप्पू यादव, उर्मिला, विपिन, अंजना, रानी, अंकित, अमन, पिंटू, हरपालू, रामबली, उजाला, अंजू, पूजा, निर्मला, अजय, सुशीला व आशा सहित अन्य ग्रामीणों ने मांग की है कि तत्काल प्रभाव से घोषणा पत्र और फॉर्म-6 का वितरण सुनिश्चित कराया जाए तथा लापरवाह कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई हो, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे।इस संबंध में उपजिला अधिकारी पट्टी पूर्णेन्द्र मिश्रा से फोन पर बातचीत की गई, जिस पर उन्होंने बताया कि विरोध प्रदर्शन की सूचना उन्हें प्राप्त हुई है और पूरे मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने जमकर बहाया पसीना

अखंड भारत संदेश




बेलखरनाथ धाम। प्रतापगढ़ ब्लाक अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय गहरी चक में शुक्रवार को बच्चों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस दौरान प्रतियोगिता मे विद्यालय के बालक बालिका द्वारा 50 मीटर दौड़ तथा बालक बालिका जूनियर का 100 मीटर दौड़, बालीबाल,भाला फेंक, गोला-फेंक तथा कबड्डी प्रतियोगिता में जूनियर तथा प्राथमिक के बच्चों ने जमकर पसीना बहाया। प्रतियोगिता के पहले प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष अजीत कुमार एवं प्रभात कुमार मिश्र ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प एवं दीप प्रज्वलित कर खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन देवदास तथा प्रदीप शुक्ल ने किया,रेफरी की भूमिका संजय सिंह एवं अंबिकेश पांडेय ने निभाई,उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बालक बालिकाओं को प्रधानाध्यापक जितेन्द्र बहादुर यादव,ग्राम प्रधान सलमान खान एवं गिरजा शुक्ला ने पुरस्कृत कर उत्साह वर्धन किया।उक्त अवसर पर अरुण सिंह,विनोद तिवारी, मनोज उपाध्याय, राकेश,सुरेश,धर्मेन्द्र सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# ई-रिक्शा से बाइक की आमने सामने भिड़ंत, दो भाई गंभीर

अखंड भारत संदेश

पट्टी। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के दाउदपुर बाजार में गुरुवार देर शाम एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। दाउदपुर में संचालित डिजिटल लाइब्रेरी के ठीक सामने हाईवे पर तेज रफ्तार मालवाहक ई-रिक्शा और बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ढकवा की ओर से आ रहा मालवाहक ई-रिक्शा दाउदपुर पहुंचते ही कोपा से ढकवा बाजार की ओर जा रही बाइक से टकरा गया। बाइक पर अमित पांडे, पीयूष पांडे और संतोष पांडे निवासी कोपा सवार थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरा और उसके दोनों गेट लॉक हो गए।हादसे में अमित पांडे और पीयूष पांडे को फ्रैक्चर होने की बात सामने आ रही है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। शोर सुनकर राहगीर और डिजिटल लाइब्रेरी के संस्थापक विजय सिंह यादव मौके पर पहुंचे और तत्परता दिखाते हुए घायलों को अपनी निजी गाड़ी से अमरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों घायलों की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे जिला अस्पताल में भर्ती घायलों ने घटना की जानकारी दी। फिलहाल दोनों भाइयों का इलाज जिला मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ में चल रहा है।

# विशाल भण्डारे में उमड़े श्रद्धालु, चखा प्रसाद



प्रतापगढ़। क्षेत्र के रामपुर बावली स्थित आनन्द नगर तिराहे पर चल रहे शिवशक्ति महायज्ञ व श्रीराम कथा के विश्राम के उपरान्त गुरूवार की शाम विशाल भण्डारे का आयोजन हुआ। जिसमे हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं भण्डारे के बीच भजन संकीर्तन में भी श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम के संयोजक प्रयागराज से पधारे आचार्य धीरेन्द्र जी महराज ने कहा कि कलियुग में भगवान श्रीराम की कथा का श्रवण करना सबसे बड़ा पुण्य है। उन्होने कहा कि सच्ची भक्ति से भगवान श्रीराम की आराधना करने से मनुष्य के व्यक्तित्व में सदाचार व मयार्दा की मजबूती मिलती है। वहीं भगवान की भक्ति जीवन में सुख समृद्धि व शांति भी लाती है। आयोजन समिति के आद्या प्रसाद मिश्र, छोटे, शीलू तिवारी, धर्मेन्द्र चैबे, जितेन्द्र शुक्ल, सौरभ द्विवेदी, सुनील त्रिपाठी, पंकज त्रिपाठी ने देर रात तक चले भण्डारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण कराया। क्षेत्र के मोहन लाल चैबे, पुल्लू शुक्ल, नागेश जायसवाल, सुरेश चैरसिया, सत्यांशु त्रिपाठी, बड़ेलाल फौजी, हितेश शुक्ल आदि श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# ग्राम ताज मल्लाहन में चौपाल लगाकर डीएम ने सुनी ग्रामवासियों की समस्याएं

**अखंड भारत संदेश**



**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने गॉव की समस्या, गॉव में समाधान के अन्तर्गत आज ग्राम-ताज मल्लाहन में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए जिलाधिकारी द्वारा गॉव तक आने वाली संपर्क मार्ग की नवीनीकरण कार्य की प्रगति की जानकारी प्राप्त करने पर अधिशासी अभियंता, लो.नि.वि. ने बताया कि नवीनीकरण का कार्य मार्च-2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके साथ ही ग्राम के अन्दर सड़क के कार्य के लिए टेण्डर हो गया ळे, मार्च 2026 तक कार्य पूर्ण हो जाएगा। उन्होंने ग्राम के लाभार्थियों से पेंशन, व्यक्तिगत शौचालय, राशन, पुष्टाहार मिलने एवं आवास आदि योजनाओं से लाभान्वित होने की जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि छूटे हुए सभी पात्र लोगों को शीघ्र लाभान्वित किया जाय। उन्हांने ए.आर. को-आपरेटिव को नियमा नुसार पारदर्शी तरीके से खाद का वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामवासियां की मॉग पर कहा कि गॉव में खेल का मैदान बनाने का कार्य शीघ्र ही शुरू हो जाएगा। जिलाधिकारी ने ग्राम में स्वयं सहायता समूह की स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए उपायुक्त एन.आर.एल.एम. को और समूह का गठन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामवासियों से पूॅछा कि अध्यापक समय से विद्यालय आते हैं या नहीं, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, बच्चों को पाठ्य पुस्तक का वितरण हुआ या नहीं तथा ठीक प्रकार से शिक्षण कार्य करते हैं कि नहीं, जिस पर ग्रामवासियो ने बताया कि अध्यापक विद्यालय समय से आते हैं एवं ठीक प्रकार से शिक्षण कार्य भी करते हैं। उन्होंने विद्यालय में 19 पैरामीटर के अन्तर्गत कराए गए कार्यों एवं शिक्षा की गुणवत्ता की जॉच भी कराई। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से कहा कि शेष रह गए 05 बच्चां के अभिभावकों के खातों में भी धनराशि हस्तान्तरण शीघ्र करा दिया जाय। उन्होंने जिलापूर्ति अधिकारी को कल दिनांक 20 दिसम्बर 2025 को कैम्प लगाकर पात्र लोगों को राशन कार्ड बनवाने एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को कैम्प लगाकर शत-प्रतिशत पशुओं का टीकाकरण कराने के निर्देश दिए। ग्राम चौपाल में सहायक अभियंता, जल निगम ने बताया कि जल-जीवन मिशन के अन्तर्गत फरवरी-2026 तक ग्राम में पेयजल आपूर्ति शुरू हो जाएगी जिलाधिकारी ने आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया तथा महिलाओं की गोदभराई व बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी एवं उप जिलाधिकारी सिराथू योगेश कुमार सहित अन्य अधिकारीगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## प्रातः 10 बजे 3 बजे तक कक्षा एक से आठ तक के विद्यालयों को संचालित करने का आदेश

**कौशांबी।** जनपद में पड़ रही अत्यधिक ठंड के कारण जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कक्षा एक से आठ तक के समस्त प्रकार के बोर्ड द्वारा संचालित विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन करते हुए प्रातः 10 बजे 3 बजे तक संचालित करने का आदेश जारी किया है।

## गुरू गोविन्द सिंह जयन्ती पर 27 दिसम्बर को रहेंगा अवकाश

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने शासन के निदेर्शानुसार जनपद की प्रकाशित वर्ष 2025 की अवकाश तालिका में कार्यकारी आदेश के अर्न्तगत दिनाँक 27 दिसम्बर, 2025 (दिन शनिवार) को गुरू गोविन्द सिंह जयन्ती का अवकाश स्थापित/घोषित समझा जाय।

## पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने ली शुक्रवार के परेड की सलामी, दिए अनुशासन व स्वच्छता के निर्देश

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा दिनांक 19.12.2025 को पुलिस लाइन कौशाम्बी में शुक्रवार की परेड की सलामी ली गई।तत्पश्चात टोलीवार परेड का निरीक्षण करते हुए उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों एवं प्रशिक्षु आरक्षियों के टर्नआउट का अवलोकन किया। परेड के दौरान पुलिसकर्मियों एवं प्रशिक्षु आरक्षियों को दौड़, पीटी अभ्यास एवं टोलीवार ड्रिल कराई गई पुलिस अधीक्षक द्वारा क्वार्टर गार्ड पर गार्ड की सलामी ली गई तथा गार्ड व गार्ड रूम का निरीक्षण कर साफ-सफाई व अनुशासन संबंधी आवश्यक निर्देश दिए गए बाद परेड पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन स्थित मेस में भोजन की गुणवत्ता आरटीसी बैरक,प्रशिक्षण कक्ष,विभिन्न शाखाएँ डीसीआर शस्त्रागार,डायल-112 कार्यालय परिवहन शाखा प्रतिसार निरीक्षक कार्यालय एवं पुलिस बैरकों का निरीक्षण किया तथा साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन एवं प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# नगर निकायों के कार्यों के प्रगति की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**




**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने आज उदयन सभागार में अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक कर नगर निकायों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जिलाधिकारी ने नगर निकायों में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना, पंडित दीनदयाल नगर विकास योजना, 15वां वित्त आयोग, नगरीय पेयजल योजना, सीवरेज जल निकासी योजना एवं वंदन योजना आदि के अंतर्गत कराए जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की निकायवार समीक्षा के दौरान सभी अधिशासी अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूर्ण कराए जाय। उन्होंने नगर पंचायत, दारा नगर-कड़ाधाम में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना व सीवरेज के अन्तर्गत कुछ कार्य शुरू न पाए जाने पर अधिशासी अधिकारी को एक सप्ताह के अन्दर कार्य शुरू कराने एवं लापरवाह ठेकेदार के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा के दौरान नगर पालिका/नगर पंचायत करारी, भरवारी व अझुवा में प्रगति कम पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए अधिशासी अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्हांने सभी अधिशासी अधिकारियां से कहा कि मेन्टेनेन्स के कार्यों को समयबद्ध कराया जाय। कन्ट्रोल रूम के माध्यम से प्रतिदिन नगर निकाय की साफ-सफाई व्यवस्था की निगरानी की जाय। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों से कहा कि मोबाइन नम्बर जारी किया जाय, जिस पर आमजन, सफाई कार्य से सम्बन्धित अपनी शिकायत/समस्या दर्ज करा सकें तथा शिकायत/समस्या प्राप्त होते ही त्वरित रूप से निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। आमजन की शिकातयों/समस्याओं का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण किया जाय। किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाय। बैठक में अपर जिलाधिकारी शालिनी प्रभाकर, उप जिलाधिकारी योगेश कुमार एवं जिला विकास अधिकारी शैलेन व्यास सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## गोकशी की घटना का एक अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में घायल व एक अन्य साथी गिरफ्तार

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के फकीरा बाद में 14 दिसंबर को शिव प्रसाद की गाय को खोलकर ले जाकर काट दिया गया है सराय अकिल पर मु0अ0सं0 346/25 धारा 325 बीएनएस व धारा 3/5क/8 गोवध निवारण अधिनियम पंजीकृत हुआ।पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा घटना की गम्भीरता को देखते हुए घटना के अनावरण एवं अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु टीमें गठित कर निर्देशित किया गया था। उपरोक्त क्रम में गठित टीमों द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सम्भावित स्थानों पर दबिश देकर तलाश की जा रही थी इसी दौरान थाना सराय अकिल पुलिस को सूचना मिली कि उक्त गोकशी की घटना के अभियुक्त उस्मानपुर से हसनपुर लिंक मार्ग पुरखास के शकील अहमद की आम के बाग के पास मौजूद है तथा पुनः ऐसी घटना को करने की फिराक में हैं।इस सूचना के आधार पर पुलिस टीमें उनको पकड़ने के लिए जैसे ही मौके पर पहुची तो उपरोक्त अभियुक्तों द्वारा खुद को घिरता देखकर पुलिस टीम के ऊपर जान से मारने की नियत से फायर किया गया । पुलिस टीम द्वारा आत्म समर्पण हेतु कहा गया तो उन्होंने भागते हुए पुनः पुलिस टीम के ऊपर जान से मारने की नियत से फायर किया । पुलिस द्वारा आत्म सुरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही करते हुए फायर किया गया, जिसमें एक अभियुक्त के पैर में गोली लगी है तथा एक अन्य अभियुक्त अंधेरे का फायदा उठाकर भागने लगा उसे भी पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी करके गिरफ्तार कर लिया गया । अभियुक्तों से पूछताछ करने पर घायल अभियुक्त ने अपना नाम सरताज उर्फ ताज पुत्र स्व0 हयातुल्ला निवासी फकीराबाद थाना सराय अकिल तथा पकडे गए अभियुक्त ने अपना नाम निहाल पुत्र आयुब निवासी फकीराबाद थाना सराय अकिल बताया है अभियुक्तों के पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस 315 बोर व दो आदद खोखा कारतूस 315 बोर, 04 चापड़, एक लकड़ी का गुटका, एक नायलान रस्सी व 1,340/- रुपये, बरामद हुआ । अभियुक्तों से कड़ाई से पूछने पर उनके द्वारा अपने साथी कैश उर्फ मोनू व खालिद उर्फ गांठे के साथ मिलकर वादी की गाय को ले जाकर काटने की बात बतायी गयी, साथ ही यह भी बताया गया कि गौमांस को ले जाते समय हम लोगो को कुछ व्यक्तियों द्वारा देख लिया गया था, जिसके कारण हम लोग अपना घर छोड़कर भाग गए थे घायल अभियुक्त को प्राथमिक उपचार हेतु जिला अस्पताल मंझनपुर भेजा गया अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है घायल गिरफ्तार दोनों अभियुक्त शातिर किस्म के गोकश हैं।

# चित्रकूट भ्रमण के दौरान पशु-पालन दुग्ध उत्पादन पराली प्रबन्धन की जानकारी प्राप्त करेंगे किसान

### कृषकों के दल को हरी झण्डी दिखाकर डीएम ने किया रवाना



**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजना के अन्तर्गत 64 कृषकों का दल पॉच दिवसीय राज्य स्तरीय भ्रमण के अन्तर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र गनीवॉ चित्रकूट दीनदयाल रिसर्च इन्सीट्यूट गनीवॉ चित्रकूट एवं उद्यमिता विद्यापीठ कर्वी चित्रकूट के लिए जाने वाले दल को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया उप कृषि निदेशक, सतेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि यह दल भ्रमण कर विभिन्न फसलों की उच्च उत्पादन की तकनीकी जानकारी प्राप्त करने के साथ ही पशु-पालन एवं दुग्ध उत्पादन पराली प्रबन्धन की भी जानकारी प्राप्त करेंगे एवं प्राकृतिक खेती का भ्रमण कर जानकारी प्राप्त करेंगे। जनपद वापस आने पर अपने ग्राम एवं आस-पास के अन्य कृषकों में भी नई तकनीकी का प्रचार-प्रसार करेंगे।

# विद्यालय की छात्राओं व महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना कोखराज पर एसपी द्वारा किया गया जागरूक

### समाज में सराहनीय कार्य करने वाली महिलाओं, संभ्रांत व्यक्तियों व चौकीदारों को किया गया सम्मानित



**कोखराज कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा शुक्रवार को थाना कोखराज परिसर में मिशन शक्ति अभियान फेज5.0 के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान डीडीआर कॉलेज कोखराज की छात्राओं, क्षेत्र की महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा, सम्मान, आत्मनिर्भरता, साइबर अपराध से बचाव, आपात स्थिति में पुलिस सहायता, 112/1090/181 जैसे हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी प्रदान की गई एवं लघु फिल्म के माध्यम से जागरूक किया गया।पुलिस अधीक्षक द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने, किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बिना संकोच पुलिस से संपर्क करने तथा समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज में सराहनीय योगदान देने वाली महिलाओं को शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही हाइवे पर सड़क दुर्घटना के दौरान घायलों की तत्परता से सहायता करने वाले गुड समेटेरियन को भी अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया, मोहम्मद आरिफ और पप्पू केसरवानी को भी सम्मानित किया गया जिससे समाज में मानवीय मूल्यों एवं सहयोग की भावना को प्रोत्साहन मिले।इसके पश्चात थाना क्षेत्र के चौकीदारों ग्राम प्रहरियों को शीत ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए कम्बल वितरित किए गए एवं उनके कर्तव्यों की जानकारी देते हुए अनुपालन हेतु प्रोत्साहित किया गया कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना, समाज में सुरक्षा एवं सहयोग की भावना को मजबूत करना तथा पुलिस एवं आमजन के बीच विश्वास को और अधिक सुदृढ़ करना है।कार्यक्रम की अध्यक्षता एसओ कोखराज चन्द्र भूषण मौर्य ने किया मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार को एसओ कोखराज ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया कर्यक्रम का संचालन महिला दरोगा विंध्यवासिनी ने किया आये हुए सभी सम्मानित लोगों के लिए भोजन करने की भी ब्यवस्था किया गया था इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह सीओ सिराथू भैया सन्तोष सिंह,चायल सीओ अभिषेक सिंह,मंझनपुर सीओ शिवांक सिंह,कौशाम्बी सर्किल सीओ जे पी पांडेय,एसओ करारी सियाकांत चौरसिया, एसओ पश्चिम शरीरा हरीश तिवारी,संदीपन घाट चौकी प्रभारी थाना कोखराज का समस्त पुलिस स्टाफ क्षेत्र के संभ्रांत एवं गणमान्य नागरिक तथा मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।

## ई रिक्शा चोरी करने वाले 02 वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी का ई-रिक्सा, मोटरसाइकिल व रुपए पुलिस ने किया बरामद

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र से 12 दिसम्बर को ओम प्रकाश निवासी मधुवन तिराहा भरवारी के घर के बाहर खड़ी ई-रिक्सा दो लोगों ने चोरी कर लिया गया मु0अ0सं0 538/2025 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम में थाना कोखराज पुलिस ने प्रकाश में आये 02 वांछित अभियुक्तों साकिब पुत्र साजिद निवासी पप्पू हलवाई मिल्लत कालोनी करेली थाना करेली जनपद प्रयागराज वा राजकुमार पुत्र कुल्लन निवासी गौशाला नई बाजार भरवारी थाना कोखराज को मसिपुर तिराहा मझियावां मार्ग से गिरफ्तार किया गया अभियुक्तों के कब्जे से चोरी का एक ई-रिक्सा, एक चोरी की मोटरसाइकिल व 4000 रू0 बरामद हुआ पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि मोटरसाइकिल चोरी की है जिसे हमने झूसी, प्रयागराज से चोरी किया था तथा ई-रिक्सा को पिछले सप्ताह भरवारी से चोरी किया था । बरामद रुपए के बारे में पूछने पर बताया कि पिछले महीने भरवारी से ही ई-रिक्सा की बैटरी व चार्जर चोरी किये थे जिसे बेचकर जो पैसे मिले थे उन्हे हमने आपस में बाट लिया था उसमें से यही बचा हुआ है बरामदगी के आधार पर धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी करते हुये विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया हैं।

## वारण्टी अभियुक्त को सैनी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस टीम द्वारा अ0सं0 298/10 धारा 18/20 एनडीपीएस एक्ट थाना सैनी जनपद कौशाम्बी से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त बुद्धि प्रभाकर उर्फ सोनू चौरसिया पुत्र मोती लाल निवासी बरई का पुरवा मजरा कुरामुरीदन थाना सैनी को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

## न्यूज झरोखा

## भैंस चोरी की घटना का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल व 03 अन्य साथी गिरफ्तार

**कौशांबी** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में भैंस चोरी की घटनाओं में शामिल आरोपियों से बीती रात मंझनपुर कोतवाली पुलिस की मुठभेड़ हो गई है जिसमें एक आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया है वा तीन अन्य आरोपियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है भैस चोरी के सम्बन्ध में मु0अ0स0 438/25 धारा 303(2) बीनएस पंजीकृत हुआ था अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु गठित टीमों द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा था।इसी क्रम में दिनांक 18/19.12.2025 की रात्रि को थाना मंझनपुर पुलिस ने भैंस चोरी की घटना से सम्बन्धित 03 अभियुक्तों फिरोज पुत्र जहीर निवासी तुतीर्पुर थाना करारी जनपद वा गुड्डू पुत्र तूफान वा दिलसाद पुत्र मुन्ना निवासीगण रहीमपुर मौलानी थाना करारी को पतौना पुल के पास से गिरफ्तार किया पूछताछ में उन्होने बताया कि उनका साथी आर्यन उर्फ बरातीलाल पुत्र सीताराम निवासी बेला फतेहपुर थाना मंझनपुर राघवपुर मार्ग के पास मौजूद है, पुलिस टीमों द्वारा तत्काल पकड़े गए अभियुक्तों के बताए हुए स्थान पर पहुचकर दबिश दी गयी। आरोपी द्वारा खुद को घिरा हुआ पाकर जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर किया गया। पुलिस की जवाबी कार्यवाही में आरोपी के पैर में गोली लगने से घायल हो गया है घायल अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, दो खोखा कारतूस व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ घायल अभियुक्त को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय मंझनपुर भेजा गया है

## पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा की गई जनसुनवाई

**कौशांबी** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा दिनांक 19.12.2025 को पुलिस कार्यालय में आम जनमानस की समस्याओं के निस्तारण हेतु जनसुनवाई आयोजित की गई।इस दौरान उपस्थित फरियादियों द्वारा प्रस्तुत शिकायती प्रार्थना पत्रों को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा संबंधित प्रभारियों को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के समक्ष एक महिला फरियादी अपने छोटे बच्चों के साथ उपस्थित हुई, बच्चों को चॉकलेट देकर पुलिस अधीक्षक ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया।इस सहृदयता पूर्ण पहल से आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और भी मजबूत हुआ है पुलिस अधीक्षक द्वारा यह निर्देशित किया गया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए ताकि आमजन को शीघ्र राहत मिल सके तथा पुलिस पर जनता का विश्वास और अधिक मजबूत एवं सुदृढ़ हो।

## पुलिस लाइन का एएसपी ने किया अर्धवार्षिक निरीक्षण

**कौशांबी** अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एएसपी द्वारा पुलिस लाइन परिसर, बैरक,भोजनालय,शस्त्रागार परेड ग्राउंड कार्यालयों एवं अन्य व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन किया गया।निरीक्षण के क्रम में साफ-सफाई अनुशासन अभिलेखों के रख-रखाव पुलिसकर्मियों की आवासीय एवं मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एएसपी द्वारा व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ व सुव्यवस्थित बनाए रखने हेतु सुधारात्मक निर्देश प्रदान किए गए तथा पुलिसकर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा एवं अनुशासन के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

## शराब के शौकीनों को नए वर्ष में मिली खुशखबरी

**कौशांबी** शासन के निदेर्शानुसार क्रिसमस के अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने जनपद कौशाम्बी की समस्त आबकारी की फुटकर दुकानों को दिनांक 24.12.2025 एवं दिनांक 25.12.2025 को तथा नव वर्ष के उत्सव पर दिनांक 30.12.2025 एवं 31.12.2025 को प्रातः 10 बजे से रात्रि 11 बजे तक खोले जाने के निर्देश दिए हैं। उन्हांने जिला आबकारी अधिकारी को इस आदेश का अनुपालन कड़ाई से सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए।

# ठंड में ठिठुर रहे गरीब लाचार अलाव कम्बल गायब

### पुलिस द्वारा बांटे गए कम्बल नहीं हुए पर्याप्त

**कौशांबी।** बीते कई दिनों से ठंड का प्रकोप तेजी से बढ़ गया है गरीब लाचार ठंड से कांप रहे हैं सरकार की ओर से अलाव जलाए जाने और लाचार कमजोर को कंबल वितरण किए जाने के लिए करोड़ों का बजट सरकारी खजाने में भेजा गया है ग्राम पंचायत से लेकर नगर पालिका नगर पंचायत तहसील और खंड विकास अधिकारी कार्यालय में भारी भरकम बजट अलाव जलाए जाने के लिए मौजूद है कम्बल वितरण करने के लिए भी बड़ा बजट मौजूद है लेकिन अभी तक सार्वजनिक स्थल अस्पताल चौराहा बस स्टॉप रेलवे स्टेशन भीड़ भाड़ आबादी बाजार में अलाव जलते नहीं दिख रहे हैं पुलिस विभाग ने 3 दिन पहले कुछ लोगों को कम्बल का वितरण किया था लेकिन पुलिस द्वारा वितरण किया गया कम्बल गरीब कमजोर के लिए पर्याप्त नहीं साबित हुआ है अभी तक तहसील प्रशासन से लेकर के गांव गांव में कम्बल वितरण नहीं कराया गया है नगर पालिका नगर पंचायत में भी कम्बल का वितरण लाचार कमजोर को नहीं किया है समाज में हिमायती बनने का ठेका लेने वाले नेता जनप्रतिनिधि और स्वयंसेवी संस्था के लोगों ने भी लाचार गरीबों के बीच कम्बल का वितरण नहीं किया है अलाव जलाकर गरीब कमजोर लाचार को राहत देने का प्रयास स्वयंसेवी संस्था जिम्मेदारों नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने भी नहीं किया है जिससे गरीब कमजोर ठंड में कांप रहे हैं हालांकि अलाव जलाए जाने के नाम पर और कम्बल वितरण किए जाने के नाम पर सरकारी खजाने से करोड़ों की रकम खर्च कर दी जाएगी और गरीबों तक योजना का लाभ नहीं पहुंचेगा यही सरकारी व्यवस्थाएं हैं अफसर नेताओं के घरों से लेकर ऑफिस और उनके वाहनों में गरम हीटर चल रहे हैं जिससे उन्हें ठंडी का एहसास नहीं हो रहा है उनके घरों में गर्म कपड़े का भंडार भरा है जिसे इन अफसर नेताओं को ठंडी का एहसास नहीं हो रहा है।

# शोषण के विरूद्ध अधिकार, पॉश एक्ट व बच्चों के अधिकार विषय पर साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**



**कौशांबी।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्रस्तावित एक्शन प्लान के तहत एवं जनपद न्यायाधीश, कौशाम्बी श्री जे० पी० यादव के निर्देशन पर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी के तत्वाधान में कौशाम्बी इण्टर कॉलेज, थाना कौशाम्बी के पास, जनपद कौशाम्बी में शोषण के विरूद्ध अधिकार, पॉश एक्ट व बच्चों के अधिकार विषय पर 18.12.2025 को साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में बच्चों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अपर जनपद न्यायाधीश सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी श्रीमती पूर्णिमा प्रांजल के द्वारा भारतीय संविधान सहित कई अन्य विधियों व कानूनों में बाल अधिकारों और शोषण के विरूद्ध प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी। बाल अधिकारों के हनन व बच्चों के शोषण से उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से गहरी चोट पहुंचती है जिससे न केवल उनका स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास प्रभावित होता है अपितु सीखने की क्षमता भी प्रभावित होती है। महिला कल्याण विभाग, कौशाम्बी से जिला मिशन समन्वयक, श्रीमती पूनम पाल द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, 181 महिला हेल्पलाइन, वन स्टॉप सेन्टर (सखी केन्द्र), निराश्रित महिला पेंशन योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी। वन स्टॉप सेन्टर (सखी केन्द्र), कौशाम्बी प्रबन्धक शशि त्रिपाठी द्वारा अवगत कराया गया कि वन स्टाप सेन्टर भारत सरकार की योजना है जो घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न और अन्य प्रकार की हिंसा से प्रभावित महिलाओं को एक ही छत के नीचे चिकित्सा, कानूनी, मनोवैज्ञानिक और पुलिस सहायता प्रदान करती है। इसे सखी सेन्टर के नाम से भी जाना जाता है। यह योजना निजी और सार्वजनिक दोनों जगहों पर महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा से निपटने के लिए है और यह सभी महिलाओं को तत्काल सहायता प्रदान करती है। कार्यक्रम में अपर जनपद न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कौशाम्बी श्रीमती पूर्णिमा प्रांजल, महिला कल्याण विभाग से जिला मिशन समन्वयक श्रीमती पूनम पाल, वन स्टॉप सेन्टर प्रबन्धक शशि त्रिपाठी, प्रधानाचार्य श्री सुभाष कुमार एवं पी०एल०वी० अखिलेश कुमार चौधरी उपस्थित रहें।

## सम्पादकीय

# मनरेगा से जी राम जी, भाजपा की सनक

**नाम** बदलना भाजपा का पुराना शगल रहा है। सड़कों, स्टेशनों, चौराहों के साथ-साथ पुरानी सरकारों की शुरू की गई बहुत सी योजनाओं के नाम भाजपा सरकारें बदलती रही हैं, लेकिन इस बार मोदी सरकार ने एक ऐसी योजना पर राजनीति की है, जो ग्रामीण भारत की आजीविका के लिए बेहद जरूरी है। सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम यानी मनरेगा का न केवल नाम बदला है, बल्कि इसमें काम के दिनों से लेकर केंद्र और राज्य के बीच वित्तीय व्यवस्था को भी बदल दिया है। जिसके बाद एक बार फिर से मोदी सरकार की नीयत पर विपक्ष सवाल खड़े कर रहा है कि आखिर मनरेगा को बदलने के पीछे क्या मंशा ग्राम पंचायतों से अधिकार छीनने और उन्हें कमजोर करने की है।

ज्ञात हो कि मंगलवार को मोदी सरकार ने लोकसभा में 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण 2025' पेश किया। इसका संक्षिप्तीकरण वी बी- जी राम जी के तौर पर प्रचारित किया जा रहा है। राम शब्द का सियासी इस्तेमाल कितने तरीकों से किया जा सकता है, इसकी नयी-नयी मिसालें मोदी सरकार पेश कर रही है। राम मंदिर बनाने के लिए रथ यात्रा निकालने से लेकर बाबरी मस्जिद गिराकर उस जगह पर राम मंदिर के लिए पहले शिलान्यास करना, फिर राम मंदिर बनने के बाद उद्घाटन करना और इसके बाद मंदिर में धर्म ध्वजा फहराने जैसे काम किए गए, इसके बाद भी भाजपा को लगता है कि राम नाम को भुनाने की संभावनाएं अभी मौजूद हैं, लिहाजा अब महात्मा गांधी के नाम पर पिछले 20 सालों से चल रही ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना को ही बदल दिया गया है।

पिछले सप्ताह तक चर्चा थी कि भाजपा मनरेगा में महात्मा गांधी की जगह पूज्य बापू करना चाहती है। इस पर भी विपक्ष ने सवाल किया था कि आखिर महात्मा गांधी नाम से भाजपा को क्या तकलीफ है। लेकिन अब तो न केवल महात्मा गांधी शब्द हटाया गया है, बल्कि योजना ही बदलने की तैयारी है। जिसके बाद संसद का शीतकालीन सत्र में बड़ा विवाद बन गया है। विपक्ष ने मंगलवार को संसद परिसर में इस पर प्रदर्शन भी किया। प्रणिति शिंदे और कुमारी शैलजा समेत कुछ सांसद तो पुराने संसद भवन की छत पर चढ़कर गांधीजी के पोस्टर के साथ नारेबाजी करते दिखे।

दरअसल मनरेगा को बदलने का यह प्रस्ताव ग्रामीण भारत की आजीविका से जुड़ा होने के कारण राजनीतिक और आर्थिक दोनों तरीके से संवेदनशील है। पांच साल पहले जब कोरोना की महामारी ने देश को आर्थिक तौर पर भी झकझोर कर रख दिया था, तब इसी मनरेगा के कारण ग्रामीण भारत में दो वक्त की रोटी का सहारा बना रहा। केंद्र की मोदी सरकार ने भी इस तथ्य को स्वीकार किया है और माना है कि मनरेगा से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सहारा मिला है। जबकि अपने पहले कार्यकाल में इसी मनरेगा का मजाक उड़ाते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने इसे यूपीए सरकार का गड्ढा बताया था। जबकि मनरेगा इतना क्रांतिकारी कानून था कि 2005 में जब इसे लाया गया था।

# भाजपा में कार्यकारी अध्यक्ष की नियुक्ति के निहितार्थ




**अनिल जैन**

**गौरतलब** यह भी है कि भाजपा के संविधान में कार्यकारी अध्यक्ष पद का कोई प्रावधान नहीं है। अलबत्ता पार्टी में अध्यक्ष की अनुपस्थिति में अंतरिम व्यवस्था के तौर पर कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किए जाने की परंपरा है, जिसके मुताबिक खुद जेपी नड्डा भी 2019 में कार्यवाहक अध्यक्ष बनाए गए थे और बाद में उन्हें पूर्णकालिक अध्यक्ष घोषित कर दिया गया था।

भारतीय जनता पार्टी में कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर बिहार के एक नेता नितिन नवीन की जिस तरह से नियुक्ति हुई है, उससे पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश जेपी नड्डा की यह बात एक बार फिर सच साबित हुई है कि 'भाजपा अब हर मामले' में सक्षम और आत्मनिर्भर हो चुकी है और उसे अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मदद या उसके मार्गदर्शन की जरूरत नहीं रह गयी है।' जेपी नड्डा ने यह बात पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान साल 20 मई, 2024 को 'इंडियन एक्सप्रेस' को दिए इंटरव्यू में कही थी। हालांकि लोकसभा चुनाव में संघ हमेशा की तरह भाजपा के लिए सक्रिय था, फिर भी भाजपा की '400 पार' की हसरत पूरी नहीं हो सकी थी। वह बहुमत से दूर रही थी और उसे सरकार बनाने के लिए करीब डेढ दर्जन छोटे-बड़े क्षेत्रीय दलों का सहारा लेना पड़ा।

लोकसभा चुनाव के बाद चार राज्यों- महाराष्ट्र, हरियाणा, दिल्ली और बिहार के विधानसभा चुनाव भाजपा ने जीते। ऐसा नहीं है कि इन चुनावों में संघ ने भाजपा की मदद नहीं की, लेकिन भाजपा की जीत में संघ से ज्यादा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की वह हिकमत अमली प्रभावी रही, जिसमें चुनाव आयोग, प्रशासन तंत्र, मीडिया और कुछ हद तक न्यायपालिका की भूमिका का भी शुमार रहा। इन चार राज्यों में मिली जीत से जेपी नड्डा की बात सही साबित हुई।

सब जानते हैं कि नड्डा पार्टी अध्यक्ष जरूर हैं लेकिन सर्वशक्तिमान अध्यक्ष नहीं। पार्टी अध्यक्ष की हैसियत से वे वही कहते और करते हैं, जैसा उन्हें निर्देशित किया जाता है। इसलिए यह आसानी से समझा जा सकता है कि 'अब संघ की जरूरत नहीं है और भाजपा आत्मनिर्भर हो चुकी है'- जैसी इतनी बड़ी बात उन्होंने किसके इशारे पर कही होगी।

दरअसल भाजपा के 45 साल के इतिहास में अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी के बाद सिर्फ अमित शाह ही ऐसे अध्यक्ष हुए हैं जिन्हें सर्वशक्तिमान कहा जा सकता है। उनके अलावा अध्यक्ष रहे मुरली मनोहर जोशी, कुशाभाऊ ठाकरे, जना कृष्णमूर्ति, बंगारू लक्ष्मण, वेंकैया नायडू, राजनाथ सिंह और नितिन गडकरी में से कोई वाजपेयी-आडवाणी का तो कोई संघ का रबर स्टैंप ही रहा। हालांकि वाजपेयी और आडवाणी के फैसलों पर भी संघ की कम-ज्यादा छाप हुआ करती थी। संघ की छाप कुछ समय अमित शाह के फैसलों पर भी रही लेकिन वह धीरे-धीरे खत्म होती गई। पांच साल तक पार्टी अध्यक्ष रहने के बाद जब अमित शाह केंद्र सरकार में गृह मंत्री बने तो उनकी जगह जेपी नड्डा अध्यक्ष बनाए गए, जो अभी बने हुए हैं।

वैसे जेपी नड्डा का कार्यकाल लगभग दो साल पहले खत्म हो चुका है। वे केंद्र सरकार में मंत्री भी हैं लेकिन उनकी जगह नया अध्यक्ष इसलिए नहीं बनाया जा सका है क्योंकि संघ और मोदी-शाह के बीच नए अध्यक्ष को लेकर किसी नाम पर सहमति नहीं बन पा रही है। मोदी-शाह अध्यक्ष पद पर ऐसे व्यक्ति को बैठाना चाहते हैं जो नड्डा की तरह उनका फरमानबरदार रहे, जबकि संघ चाहता है कि नया अध्यक्ष मोदी की छाया से मुक्त होकर उसके निर्देशन में काम करे।

बहरहाल इसी खींचतान के चलते बिहार के युवा नेता नितिन नवीन को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। यह फैसला शुद्ध रूप से मोदी-शाह का है, जिसे पार्टी महासचिव अरुण सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति में संसदीय बोर्ड का फैसला बताया है। यह फैसला लेने के लिए संसदीय बोर्ड की बैठक कब और कहां हुई, इसका कोई जिक्र उनकी प्रेस विज्ञप्ति में नहीं है। इस बारे में भाजपा के नेताओं या प्रवक्ताओं से भी कोई सवाल नहीं कर रहा है। टीवी चैनलों पर नव नियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन का अनर्गल गुणगान हो रहा है। जिस व्यक्ति की बिहार में ही कोई ठीक-ठाक राजनीतिक पहचान नहीं है, उसे कुशल संगठक और ऊजार्वान नेता बताया जा रहा है। पहले कभी किसी ने नहीं कहा लेकिन अब कहा जा रहा है कि बतौर प्रभारी नितिन नवीन ने छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में भाजपा को जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। सवाल यह भी है कि अगर नितिन नवीन इतने ही प्रभावशाली नेता हैं तो उन्हें इससे पहले बिहार में ही भाजपा का अध्यक्ष क्यों नहीं बना दिया गया? बिहार सरकार में भाजपा के दो उप मुख्यमंत्री हैं लेकिन नितिन नवीन को उप मुख्यमंत्री बनाने लायक भी क्यों नहीं समझा गया?

टीवी चैनलों पर नितिन नवीन को कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने को 'मोदी-शाह का मास्टर स्ट्रोक' बताते हुए कहा जा रहा है कि इससे पश्चिम बंगाल के चुनाव में भाजपा को बड़ा फायदा हो सकता है, क्योंकि नितिन नवीन कायस्थ समुदाय से आते हैं और बंगाल के राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन में इस समुदाय का काफी प्रभाव है। यह समुदाय बंगाल की राजनीति में पहले बहुत लंबे समय तक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) का समर्थक रहा और पिछले डेढ़ दशक से मोटे तौर पर तृणमूल कांग्रेस के साथ है। कहा जा रहा है कि नितिन नवीन बंगाल के कायस्थ समुदाय को भाजपा की ओर आकर्षित कर सकते हैं। हालांकि हकीकत यह है कि बंगाल के कायस्थों का उत्तर भारत के कायस्थों से सामाजिक-सांस्कृतिक स्तर पर कोई मेल नहीं है।

बहरहाल गौरतलब यह भी है कि भाजपा के संविधान में कार्यकारी अध्यक्ष पद का कोई प्रावधान नहीं है। अलबत्ता पार्टी में अध्यक्ष की अनुपस्थिति में अंतरिम व्यवस्था के तौर पर कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किए जाने की परंपरा है, जिसके मुताबिक खुद जेपी नड्डा भी 2019 में कार्यवाहक अध्यक्ष बनाए गए थे और बाद में उन्हें पूर्णकालिक अध्यक्ष घोषित कर दिया गया था।

नड्डा से पहले एक बार 2001 में महज 10 दिन के लिए जना कृष्णमूर्ति कार्यवाहक बनाए गए थे। उस समय तत्कालीन पार्टी अध्यक्ष बंगारू लक्ष्मण एक स्टिंग ऑपरेशन में रिश्वत लेते पकड़े गए थे, जिसकी वजह से उन्हें हटा दिया गया था और उनके स्थान पर कृष्णमूर्ति को पहले कार्यवाहक अध्यक्ष और बाद में पूर्णकालिक अध्यक्ष बनाया गया था। इस समय तो ऐसी कोई स्थिति नहीं है। जेपी नड्डा अध्यक्ष बने हुए हैं, फिर भी उनके साथ एक कार्यकारी अध्यक्ष बना दिया गया है। जाहिर है कि मोदी-शाह ने इस फैसले के जरिए न सिर्फ संघ को उसकी हैसियत बताई है, बल्कि मीडिया में अपने को भाजपा की राजनीति का जानकार समझने वाले उन लोगों को भी हास्यास्पद बना दिया है जो पिछले कई महीनों भाजपा अध्यक्ष पद के लिए दर्जन भर से ज्यादा नामों को दावेदार बता रहे थे।

मोदी-शाह ने इससे पहले मध्य प्रदेश, राजस्थान, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और दिल्ली में मुख्यमंत्री चुनने के मामले में भी ऐसा ही किया था। उन्होंने इन प्रदेशों में संघ की पसंद को दरकिनार करते हुए अपनी पसंद के मुख्यमंत्री बनाए। यह सही है कि इन चारों राज्यों में जिन लोगों को मुख्यमंत्री बनाया गया है, उन सभी का संघ से जुड़ाव है लेकिन मुख्यमंत्री पद के लिए वे संघ नेतृत्व की पसंद कतई नहीं हैं। दरअसल नरेन्द्र मोदी और अमित शाह ने अपनी हनक और मीडिया प्रबंधन के जरिये अपने कद को पार्टी से भी बड़ा बना लिया है। अब उन्हें पार्टी की आवश्यकता नहीं है बल्कि वे पार्टी की जरूरत बन गए हैं। अलबत्ता वे सरकार के स्तर पर संघ के एजेंडा के मुताबिक काम करने में कोई कोताही नहीं करते हैं। संघ को जहां जरूरत होती है, वहां सरकारी संसाधनों से भरपूर मदद भी मुहैया कराई जाती है, मगर सत्ता और संगठन में संघ की दखलंदाजी से उन्हें गुरेज है।

# अमीरी की जीवनशैली, प्रदूषण का बोझ और गरीब की त्रासदी

**-ललित गर्ग-**

**देश की** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली आज जिस घातक पर्यावरण संकट से गुजर रही है, वह केवल एक शहर की समस्या नहीं, बल्कि पूरे देश के लिये चेतावनी है। विडंबना यह है कि इस संकट के नाम पर जो तात्कालिक उपाय लागू किए जाते हैं, उनका सबसे बड़ा खामियाजा वही तबका भुगतता है, जिसकी इसमें सबसे कम भूमिका होती है-गरीब और श्रमिक वर्ग। इसी पीड़ा को शब्द देते हुए सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ा कि अमीरों की जीवनशैली से पैदा हुई मुश्किलों का सामना गरीबों को करना पड़ता है। यह टिप्पणी न केवल कानूनी दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि सामाजिक और नैतिक चेतना को झकझोरने वाली भी है। दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की पीठ ने यह मर्मस्पर्शी टिप्पणी की। वरिष्ठ अधिवक्ता और न्यायमित्र अपराजिता सिंह की दलीलों पर गौर करते हुए अदालत ने स्पष्ट कहा कि ग्रैप-4 जैसी सख्त पाबंदियों का सबसे ज्यादा असर गरीबों पर पड़ता है। निर्माण कार्य रुकते हैं, दिहाड़ी मजदूरों की रोजी-रोटी ठप हो जाती है, जबकि प्रदूषण पैदा करने वाली जीवनशैली में शामिल संपन्न तबके पर अपेक्षित प्रभाव नहीं पड़ता। मुख्य न्यायाधीश ने साफ शब्दों में कहा कि समस्या की जड़ अमीरों की जीवनशैली है और समाधान भी



वहीं से शुरू होना चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अदालत ऐसे प्रभावी और लागू करने योग्य आदेश पारित करेगी, जिन्हें जरूरत पड़ने पर सख्ती से लागू भी किया जा सकेगा।

जस्टिस सूर्यकांत का कहना था कि महानगरों में लोगों की अपनी अलग जीवनशैली होती है, जिन्हें वे बदलना नहीं चाहते। यही वजह है कि समस्या अमीरी की वजह से होती है, लेकिन झेलना गरीब को पड़ता है। दरअसल, अदालत की सोच रही है कि हमारा परिवेश-पर्यावरण साफ-सुथरा रहे, इसके लिये हम सबको अपने कुछ सुखों का त्याग करना होगा, अपने जीवन को पर्यावरण के अनुकूल ढालना होगा एवं प्रकृति-एवं पर्यावरण के प्रति सकारात्मक रवैया अपना होगा। यह जानते हुए कि पर्यावरण पर आने वाले संकट व प्रदूषित हवा का अमीर-गरीब पर समान असर पड़ता है फिर भी अमीर लोग इससे बेपरवाह रहते हैं। निस्संदेह, शीर्ष अदालत ने समाज की दुखती रग पर हाथ रखा है। चौड़ी होती सड़कें, नए फ्लाईओवर और हाईवे बनने के बावजूद जाम और प्रदूषण कम नहीं हो रहे। कारण साफ है निजी वाहनों का बेहिसाब इस्तेमाल। एक व्यक्ति, एक कार का चलन न केवल सड़क की जगह घेरता है, बल्कि कार्बन उत्सर्जन को भी कई गुना बढ़ाता है। कभी ऑड-इवन जैसी योजनाओं पर चर्चा हुई, कार-पूलिंग की बात चली, लेकिन सार्वजनिक परिवहन को सस्ता, सुगम और भरोसेमंद बनाने की इच्छाशक्ति लगातार कमजोर रही।

आज एसी, कूलर और अन्य वातानुकूलन साधनों का बढ़ता उपयोग भी पर्यावरण संकट को गहराता जा रहा है। इससे बिजली की खपत बढ़ती है, तापमान में वृद्धि होती है और अप्रत्यक्ष रूप से प्रदूषण का दायरा फैलता है। उद्योगों में भी पर्यावरणीय नियमों का ईमानदार पालन नहीं होता। जल संकट इसका एक और क्रूर उदाहरण है-जहां झुग्गी-बस्तियों में पीने के पानी की किल्लत है, वहीं पॉश कॉलोनियों में लॉन सींचे जाते हैं, कारें धुलती हैं और स्विमिंग पूल भरे रहते हैं। कुदरत ने हवा, पानी और संसाधन सभी के लिये दिए हैं, लेकिन अमीरी के असमान दखल ने इनके वितरण को अन्यायपूर्ण बना दिया है। राजनीतिक दल एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप तो करते हैं, लेकिन ठोस और दीर्घकालिक समाधान सामने नहीं आते। अब समय आ गया है कि सरकार और जनता-दोनों अपनी भूमिका ईमानदारी से निभाएं। सरकार को सार्वजनिक परिवहन को मजबूत, सस्ता और आकर्षक बनाना होगा, उद्योगों पर पर्यावरणीय नियमों का कड़ाई से पालन कराना होगा और शहरी विकास की नीतियों को पर्यावरण-संवेदनशील बनाना होगा। वहीं जनता को भी अपनी जीवनशैली पर पुनर्विचार करना होगा-अनावश्यक वाहन उपयोग से बचना, ऊर्जा की खपत कम करना, एसी और अन्य सुविधाओं का संयमित इस्तेमाल करना और साझा संसाधनों के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाना होगा। विडंबना यह है कि सत्ताधीशों ने दिल्ली में सार्वजनिक ट्रांसपोर्ट को सशक्त करने को प्राथमिकता नहीं दी।

# भाजपा अध्यक्ष बनाने की राजनीति

**अरविन्द मोहन**



**नितिन** नबीन कुछ ज्यादा ही नये लगते हैं। पूरे देश की कौन कहे(वैसे भाजपा अपने को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी मानती है) पूरे बिहार के लोग भी उनको नहीं जानते होंगे। यही भाजपा उनको बिहार का अध्यक्ष बनाने का साहस नहीं दिखा सकती थी। वे बहुत निष्ठावान कार्यकर्ता रहे हैं, उनके पिता का भी भाजपा से जुड़ाव था। उनकी असमय मौत से उपजी सहानुभूति के चलते ही उनकी कायस्थ प्रभाव वाली सीट पर हुए उप चुनाव में नितिन नबीन को टिकट मिला।

नितिन नबीन का भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष बनाना भारतीय राजनीति की एक परिघटना है। इस चलते भी उस पर ज्यादा विस्तार से चर्चा हो रही है और यह जरूरी भी है। वे चौथी बार विधायक बने थे, मंत्री भी हैं और एकदम युवा हैं। चाचा और भैया सम्बोधन उनका प्रिय जुमला है और एक चाचा नीतीश कुमार द्वारा उनको सदन में तुम कहकर हड़काए जाने का प्रसंग काफी लोगों को याद आ रहा है। नितिन का चुनाव एक कार्यकर्ता को महत्व देने का प्रमाण है और इसके चलते भाजपा को अलग चाल चरित्र और चेहरे की पार्टी बताना भी जारी है। यह चीज भाजपा के लिए खास है क्योंकि कांग्रेस, राजद, समाजवादी पार्टी, द्रमुक, तेलगु देशम, अकाली, शिव सेना समेत ज्यादातर पार्टियों में नेतृत्व एक परिवार तक सिमट आया है। फिर यह भी हुआ है कि पार्टियां निरंतर एक काकस के घेरे में दिखती हैं- भाजपा बार-बार इस घेरे को तोड़कर नये लोगों को मौका देती है और इनमें योगी आदित्यनाथ जैसे लोग धाकड़ नेता बनकर उभरते हैं तो शिवराज सिंह जैसा धाकड़ भी अनुशासित सिपाही बनकर पार्टी की सेवा करता रहता है। जो नाराज और मुंह फुलाए हैं वे पार्टी का खास नुकसान नहीं कर पाते या उसकी हिम्मत नहीं करते।

बहुत पहले जब भाजपा नई थी और बारी- बारी से अटल बिहारी वाजपेयी और लाल कृष्ण आडवाणी को अध्यक्ष बनाकर अपना काम आगे बढ़ा रही थी तब किसी बात पर आडवाणी जी और समाजवादी नेता मधु लिमए में बहस छिड़ी। फिर मधु जी ने चुनौती दी कि भाजपा किसी तीसरे को अध्यक्ष बनाकर दिखाए। उनका इशारा भाजपा में बड़े नेताओं की कमी से भी ज्यादा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मंजूरी की तरफ था। आज मधु लिमए होते तो उनको न सिर्फ अपने शब्द वापस लेने पड़ते बल्कि अपने शिष्यों द्वारा एक आंदोलन को छोटे-छोटे दल बनाकर पारिवारिक जागीर बनाने की परिघटना पर शर्म आती। मधु जी खुद भी सोशलिस्ट आंदोलन में कई बार की टूट के केंद्र में रहे थे लेकिन हर बार बड़े सैद्धांतिक सवाल थे-निजी मामला कुछ न था। इस लिहाज से भाजपा और संघ दोनों ही ज्यादा धीरज और लंबी सोच वाले साबित हुए हैं। पार्टियां अध्यक्ष से काफी कु छ पाती हैं लेकिन पार्टी अध्यक्ष उससे ज्यादा कुछ पाता है। उम्मीद करनी चाहिए कि नितिन नबीन को भाजपा और संघ दोनों का पूरा सहयोग मिलेगा। और आज अगर ये दोनों समूह नितिन नबीन जैसे युवा और बिहार से बाहर अनजान चेहरे पर दांव लगाने का साहस करते हैं और सहमति बनाते हैं ।

## तलाश वारंटी अभियान में हुई गिरफ्तारी

**ब्यूरो रिपोर्ट प्रदीप कुमार पाण्डेय**

**गाजीपुर। जनपद** के थाना कोतवाली मुहम्मदाबाद अंतर्गत पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान ने एक और सफलता दर्ज की है। शुक्रवार 19 दिसंबर 2025 को अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी सुधाकर पाण्डेय के मार्गदर्शन में मुहम्मदाबाद थाना पुलिस ने तलाश वारंटी अभियान के तहत महत्वपूर्ण कार्रवाई की।

उप निरीक्षक लल्लन राम बिन्द के नेतृत्व में पुलिस टीम ने विभिन्न संभावित ठिकानों पर दबिश दी। इस दौरान टीम ने लंबे समय से वांछित चल रहे वारंटी अभियुक्त



अरविंद कुशवाहा, पुत्र अयोध्या कुशवाहा, उम्र लगभग 41 वर्ष, निवासी ग्राम बखारीपुर, थाना मुहम्मदाबाद, जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए जाने हेतु भेजा गया।

इस सफल अभियान में प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह, उप निरीक्षक लल्लन राम बिन्द सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्य भी शामिल रहे।

## तिसड़ा ग्रामसभा में ग्राम चौपाल आयोजित, मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं-बच्चियों को दी जागरूकता जानकारी

**ब्यूरो रिपोर्ट प्रदीप कुमार पाण्डेय। गाजीपुर। जनपद** के बहरियाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्रामसभा तिसड़ा में आज दिनांक 19 दिसंबर 2025 को ग्राम प्रधान सतीश चौहान की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल में बीडीओ सादात, थानाध्यक्ष कृष्ण प्रताप सिंह अपनी हमराह टीम के साथ उपस्थित रहे। मंच पर मिशन शक्ति टीम से हेड कांस्टेबल कमलेश कुमार यादव, कांस्टेबल अभिषेक तिवारी, कांस्टेबल शिवम यादव, महिला कांस्टेबल मनीषा सिंह तथा साइबर हेल्प डेस्क की कर्मचारी महिला कांस्टेबल नमिता यादव



मौजूद रहीं। चौपाल के दौरान मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिलाओं और बच्चियों को सुरक्षा एवं सहायता से जुड़े महत्वपूर्ण आपातकालीन नंबर–112, 1090, 1076, 1930, 1098 और 181 की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे सुकन्या समृद्धि योजना, विधवा पेंशन योजना आदि की भी जानकारी ग्रामीणों को प्रदान की गई।

## टड़वा रेलवे क्रॉसिंग के पास ट्रेन से अज्ञात युवक की मौत

**ब्यूरो रिपोर्ट प्रदीप कुमार पाण्डेय। गाजीपुर। जनपद** के थाना कोतवाली मुहम्मदाबाद क्षेत्र के अंतर्गत टड़वा रेलवे क्रॉसिंग के पास एक दर्दनाक हादसे में अज्ञात युवक की जान चली गई। यह घटना 18 दिसंबर 2025 की रात करीब 11:55 बजे की बताई जा रही है। रेलवे स्टेशन मास्टर यूसुफपुर ने मेमो के माध्यम से स्थानीय पुलिस को सूचना दी कि किलोमीटर संख्या 110/16 पर डाउन दिशा से गुजर रही ट्रेन संख्या 11033 की चपेट में आने से लगभग 35 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति की मौके पर ही मृत्यु हो गई है। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। रात का समय, घना कोहरा और अत्यधिक ठंड होने के कारण घटनास्थल पर कोई प्रत्यक्षदर्शी मौजूद नहीं था। पुलिस द्वारा आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ की गई, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। शिनाख्त के प्रयास में पुलिस ने मृतक के फोटो और वीडियो तैयार कर आसपास के क्षेत्रों में दिखवाए, परंतु पहचान की पुष्टि नहीं हो पाई। इसके पश्चात पुलिस ने पंचनामा सहित आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम हेतु गाजीपुर स्थित मोर्चरी भेज दिया।

## घर में घुसकर जेवरात और नकद लेकर फरार हुआ युवक

### विधवा महिला ने पुलिस को दी है लिखित शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही। गोपीगंज** थाना क्षेत्र के देइपुर निवासी एक विधवा महिला ने गांव निवासी एक युवक पर डरा धमकाकर घर में रखा जेवरात और पचास हजार नकद को लेकर फरार हो जाने का आरोप लगाई है। महिला ने इसकी सूचना स्थानीय चौकी और डायल 112 को भी सूचना दी है। जानकारी के मुताबिक गोपीगंज क्षेत्र के देइपुर निवासी सुनीता देवी पत्नी स्वर्गीय लोलारख मिश्रा ने पुलिस को दिये शिकायत पत्र में बताया कि वह इन दिनों अपने मायके सागररायपुर में रह रही है और गुरुवार को रात को



देइपुर निवासी सूरज मिश्रा अपने एक साथी के दिनांक 18/12/2025, को साम 7:30, बजे साथ उसके मायके सागररायपुर आया और सुनीता को धक्का देकर गिरा दिया और गर्दन पर चाकू रखकर घर में रखा 10 लाख का जेवरात और पचास हजार नकद ले कर चला गया। चिल्लाने पर आसपास के लोग आये और दोनों युवक जेवरात और रुपया ले भाग गए। सूचना पर पहुंची डायल 112 ने भी मामले की जानकारी ली।

# जमीन नाप के नाम पर 900 रुपये लेते कानूनगो का वीडियो वायरल, प्रशासन में मचा हड़कंप

- वीडियो ने उजागर की कथित अवैध वसूली
- जमीन नाप में पैसे लेने का आरोप

**अखंड भारत संदेश**


वायरल वीडियो में पैसे लेते कानूनगो

**राजापुर/चित्रकूट।** तहसील से सामने आए एक वीडियो ने प्रशासनिक गलियारों में हलचल पैदा कर दी है। वीडियो में तहसील में तैनात कानूनगो एक किसान से जमीन नापने के नाम पर 900 रुपये लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो के सार्वजनिक होते ही न सिर्फ तहसील प्रशासन, बल्कि ग्रामीण इलाकों में भी चर्चा तेज हो गई है। सबसे गंभीर पहलू यह है कि नकद राशि लेने के बावजूद किसान को किसी प्रकार की रसीद या आधिकारिक दस्तावेज नहीं दिया गया। वीडियो के मुताबिक ग्राम छीबो निवासी किसान गेंदे लाल अपनी जमीन की नाप के लिए तहसील पहुंचे थे। आरोप है कि काम में देरी का भय दिखाकर उनसे पैसे लिए गए। ग्रामीणों का कहना है कि तहसील स्तर पर इस तरह की शिकायतें पहले भी सामने आती रही हैं, लेकिन इस बार वीडियो साक्ष्य होने के कारण मामला और गहराता चला गया। किसान संगठनों और सामाजिक कार्यकताओं में इस घटना को लेकर नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय किसानों का आरोप है कि हटबंदी, खतौनी, नामांतरण और भूमि नाप जैसे कार्यों में अवैध वसूली अब अपवाद नहीं, बल्कि आम चलन बनती जा रही है। कई किसानों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उनसे अक्सर काम अटकाने या देरी का डर दिखाकर धनराशि मांगी जाती है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच और दोषी पर सख्त विभागीय कार्रवाई की मांग की है। इस पूरे प्रकरण पर एसडीएम फूलचंद ने बताया कि वीडियो की जांच कर ली गई है। वीडियो में पैसे लेते दृश्य स्पष्ट हैं। कानूनगो के खिलाफ रिपोर्ट तैयार कर जिलाधिकारी को कार्रवाई के लिए भेज दी गई है। अब निगाहें प्रशासन के अगले कदम पर टिकी हैं।

# पौष अमावस्या मेला- चित्रकूट में तैयारियों की जमीनी पड़ताल, व्यवस्थाओं पर रहा प्रशासन का फोकस

- मेले की तैयारियों की समीक्षा
- श्रद्धालुओं की भारी भीड़ संभावित

**अखंड भारत संदेश**


आगामी अमावस्या मेले की तैयारियों में जुटे अधिकारी

**चित्रकूट।** जिले में पौष मास की अमावस्या के अवसर पर आयोजित होने वाले ऐतिहासिक एवं धार्मिक मेले की तैयारियों का जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेला क्षेत्र की व्यवस्थाओं को परखते हुए संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए गए। रामघाट स्थित चेंजिंग रूम के निरीक्षण में ताले एवं मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश नगर पालिका परिषद कर्वी को दिए गए। आकांक्षी शौचालय के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, 24 घंटे संचालन और छत से गिरने वाले पानी को वाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से भूमिगत करने पर जोर दिया गया। खोया-पाया केंद्र के समीप वॉच टावर की सुरक्षा, ताला बंदी और नियमित रख-रखाव सुनिश्चित करने को कहा गया। मेला क्षेत्र में नलों से सड़कों पर फैल रहे पानी और गंदगी पर नाराजगी जताते हुए जल निकासी हेतु नालियों के निर्माण और खुले होलों पर ढक्कन लगवाने के निर्देश दिए गए। बुढ़े हनुमान मंदिर के पास बैराज निर्माण को लेकर नियमानुसार स्टीमेट तैयार करने तथा आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि स्नान क्षेत्र में भीड़ प्रबंधन में सहायता मिल सके। सिंचाई विभाग को रामघाट पर बैरिकेडिंग सुदृढ़ रखने, उतारा पुल तक शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराने और प्रशिक्षित गोताखोरों की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया। फूड प्लाजा निरीक्षण में साफ-सफाई, वेटरों द्वारा टोपी व दस्ताने पहनने के निर्देश दिए गए, वहीं परिसर में बेसिक शिक्षा विभाग की पुस्तकों के मिलने पर जांच के आदेश दिए गए। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, यातायात और सुरक्षा व्यवस्थाओं की समग्र समीक्षा की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि संभावित भीड़ को देखते हुए सभी विभाग समन्वय से कार्य करें, किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

## कस्तूरबा विद्यालयों में निर्माण कार्यों पर डीएम ने की समीक्षा, एक सप्ताह में शुरूआत का दावा

**चित्रकूट।** शुक्रवार को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मऊ एवं पहाड़ी में लंबित और अनारम्भ निर्माण कार्यों को लेकर कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड लखनऊ के साथ बैठक की। बैठक में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष, टॉयलेट ब्लॉक, कंप्यूटर लैब सहित सभी रुके कार्यों को तत्काल शुरू कराने के निर्देश दिए गए। कार्यदायी संस्था ने एक सप्ताह के भीतर सभी लंबित कार्य प्रारम्भ कराने का आश्वासन दिया। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# रौली में पिकअप और बाइक की भिड़ंत ने उजाड़ा पूरा घर, पति-पत्नी व बेटे की दर्दनाक मौत

### अनियंत्रित पिकअप बनी काल, रफ्तार की चूक या लापरवाही

**चित्रकूट।** जनपद के रौली कल्याणपुर क्षेत्र में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। पिकअप और मोटरसाइकिल की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल उनके बेटे ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ ही देर में वहां मातम पसर गया। बताया गया कि अतर्रा से भरतकूप की ओर जा रही पिकअप रौली कल्याणपुर के पास अचानक अनियंत्रित हो गई और महुआ के पेड़ से टकरा गई। इसी दौरान कर्वी से बांदा की ओर जा रही मोटरसाइकिल से पिकअप की सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उस पर सवार लोग सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे में मोटरसाइकिल सवार रामकुमार अनुरागी (40), उनकी पत्नी भूरी देवी और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। महिला और युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर हालत में रामकुमार को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने भी दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि मृतक छतरपुर जिले के निवासी थे, हालांकि पुलिस द्वारा शिनाख्त की प्रक्रिया जारी है। सूचना मिलते ही भरतकूप थाना पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात व्यवस्था संभाली। पुलिस ने दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार और लापरवाही माना जा रहा है। पुलिस का कहना है कि प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

**क्या बोले जिम्मेदार?**

इस संबंध में एएसपी सत्यपाल सिंह ने बताया कि पिकअप चालक बांदा की ओर से आते समय एक टेंपो को ओवरटेक करने का प्रयास कर रहा था, तभी सामने से अपनी लेन में आ रही बाइक से टक्कर हो गई। सूचना मिलते ही भरतकूप थाना पुलिस मौके पर पहुंची, यातायात नियंत्रित किया और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। हादसे को तेज रफ्तार और लापरवाही से जोड़ते हुए मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## विवाहित महिलाओं के लिए राशन कार्ड अपडेट जरूरी, लापरवाही पर नुकसान तय

**चित्रकूट।** जिला पूर्ति अधिकारी कमल नयन सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अंतर्गत पात्र गृहस्थी एवं अंत्योदय राशनकार्ड में दर्ज विवाहित महिलाओं का नाम मायके से हटाकर ससुराल के राशनकार्ड में स्थानांतरित कराना अनिवार्य है। इसके लिए संबंधित महिला को मायके की तहसील स्थित पूर्ति निरीक्षक कार्यालय में ऑनलाइन या ऑफलाइन आवेदन करना होगा। आवश्यक दस्तावेज जमा न होने और ई-केवाईसी पूरी न होने की स्थिति में संबंधित खाद्यान्न यूनिट समाप्त की जा सकती है।

# चित्रकूट में बलात्कार मामले में सात साल बाद न्याय, आरोपी को दस वर्ष का कारावास

**अखंड भारत संदेश**

- दुष्कर्म व धमकी का आरोपी दोषी करार
- ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत सजा

**चित्रकूट।** जनपद में युवती के साथ बलात्कार, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले में माननीय न्यायालय ने सख्त फैसला सुनाया है। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशन में संचालित ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत लंबित मामलों में गहन पैरवी के क्रम में यह प्रकरण निर्णायक मोड़ तक पहुंचा। थाना पहाड़ी के थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह, पैरोकार आरक्षी आकाश कुमार, मॉनिटरिंग सेल प्रभारी प्रभुनाथ यादव व उनकी टीम द्वारा की गई सशक्त पैरवी तथा सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी की बहस के बाद अपर सत्र न्यायाधीश/फास्ट ट्रैक कोर्ट चित्रकूट नीरज कुमार श्रीवास्तव ने आरोपी को दोषी ठहराया। न्यायालय ने थाना पहाड़ी क्षेत्र के ग्राम चौरा निवासी रामचन्द्र पुत्र सुखमा को दस वर्ष के कठोर कारावास एवं 15,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। यह फैसला दिनांक 19 दिसंबर को सुनाया गया। प्रकरण वर्ष 2018 का है, जब 17 अप्रैल को पीड़िता के परिजन ने थाना पहाड़ी में सूचना दी थी कि आरोपी ने उनकी पुत्री के साथ दुष्कर्म किया और विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले में मुअसं 62/2018 धारा 376, 504, 506 भादवि के तहत केस दर्ज किया गया था। तत्कालीन विवेचक गोपालचंद्र द्वारा विवेचना पूर्ण कर 20 अगस्त 2018 को आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। लंबी न्यायिक प्रक्रिया के बाद आए इस निर्णय को गंभीर अपराधों में न्यायिक जवाबदेही के रूप में देखा जा रहा है।

# चित्रकूट में ब्राह्मण एकता परिषद की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ, संगठन विस्तार का संकल्प


संचालक गणेश मिश्रा को सम्मानित करते समिति सदस्य

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद चित्रकूट की नवनियुक्त कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह प्रयागराज रोड स्थित सत्संग भवन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ परशुराम वंदना द्वारा किया गया। समारोह में परिषद के संस्थापक पंडित जुगुल किशोर तिवारी की अध्यक्षता में नवगठित कार्यकारिणी को विधिवत शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में प्रांतीय उपाध्यक्ष पंडित प्रताप नारायण पांडे, प्रदेश प्रभारी पंडित स्मृता त्रिपाठी, हमीरपुर जिला अध्यक्ष पंडित दीपा त्रिपाठी सहित जनपद चित्रकूट के संरक्षक मंडल की उपस्थिति रही। इस अवसर पर मार्गदर्शक मंडल एवं संरक्षक मंडल का अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों में जिला अध्यक्ष बादल पयासी, महामंत्री अरुण मिश्रा, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती गायत्री पांडे, जिला संयोजक विपुल मिश्रा, उपाध्यक्ष अमित त्रिपाठी, संगठन सचिव पंडित निलेश शुक्ला, जिला सचिव कुलदीप उपाध्याय, कोषाध्यक्ष शशांक मिश्रा, मीडिया प्रभारी प्रशांत तिवारी सहित तहसील, नगर, ब्लाक एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों ने शपथ ली। इस अवसर पर पंडित जुगुल किशोर तिवारी ने कहा कि पद ग्रहण करना सम्मान नहीं, बल्कि कर्तव्य बोध का विषय है। समाज के पीड़ित एवं अपेक्षित बंधुओं की सहायता, बहन-बेटियों की सुरक्षा और शिक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी। कार्यक्रम का संचालन पंडित गणेश मिश्रा ने किया।

## इंटरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षाएं दो चरणों में, बोर्ड ने जारी किया विस्तृत कार्यक्रम

- सीसीटीवी निगरानी में होंगे आयोजन
- यूपी टेट के कारण बदली तिथियां

**चित्रकूट।** जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की 16 दिसंबर 2025 की विज्ञप्ति के अनुपालन में वर्ष 2020 की इंटरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षाएं दो चरणों में आयोजित की जाएंगी। प्रथम चरण 24 जनवरी से 1 फरवरी 2026 तक चलेगा, हालांकि 29 और 30 जनवरी को यूपी टेट परीक्षा के कारण कोई आयोजन नहीं होगा। इस चरण में आगरा, सहारनपुर, बरेली, लखनऊ, झांसी, चित्रकूट, अयोध्या, आजमगढ़, देवीपाटन और बस्ती मंडल शामिल रहेंगे। दूसरा चरण 2 फरवरी से 9 फरवरी तक अलीगढ़, मेरठ, मुरादाबाद, कानपुर, गोरखपुर, प्रयागराज, मीरजापुर और वाराणसी मंडलों में संचालित होगा। परीक्षाओं की शुचिता बनाए रखने के लिए सभी प्रयोगात्मक परीक्षाएं सीसीटीवी निगरानी में होंगी और रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखी जाएगी। हाईस्कूल की प्रयोगात्मक परीक्षाएं पूर्व की भांति आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर होंगी। नैतिक, योग, खेल एवं शारीरिक शिक्षा के अंक 10 जनवरी से परिषद की वेबसाइट पर ऑनलाइन अपलोड किए जाएंगे। इसके अलावा कक्षा 10-12 की प्री-बोर्ड और कक्षा 9-11 की वार्षिक परीक्षाओं का कार्यक्रम भी जनवरी-फरवरी में विद्यालय स्तर पर आयोजित किया जाएगा।

## जिले में पशु चिकित्सा सेवाओं का विस्तार, रुकमा व घुरेटनपुर अस्पताल सक्रिय

**चित्रकूट।** जिले के पशुपालकों के लिए राहत की खबर है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ एसके पांडेय ने बताया कि जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निर्देश पर नवनिर्मित पशु चिकित्सालय रुकमा बुजुर्ग एवं घुरेटनपुर का संचालन तत्काल प्रभाव से शुरू करने के आदेश दिए गए हैं। रुकमा बुजुर्ग पशु चिकित्सालय में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ गौरव कुमार सप्ताह में दो दिन मंगलवार और बृहस्पतिवार को तथा पशुधन प्रसार अधिकारी मुकेश कुमार सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को उपस्थित रहेंगे। इसी तरह नवनिर्मित पशु चिकित्सालय घुरेटनपुर में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ कुलदीप सिंह सप्ताह में दो दिन मंगलवार और बृहस्पतिवार को तथा पशुधन प्रसार अधिकारी अजीत प्रसाद साहू सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को अपनी सेवाएं देंगे। अधिकारियों की नियमित उपस्थिति से क्षेत्र के पशुपालकों को उपचार, टीकाकरण और विभागीय योजनाओं का लाभ मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# तीन साल बाद अदालत ने दद्दू को सुनाया आजीवन कारावास का फैसला, अर्थदंड का जुर्माना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला एवं सत्र न्यायालय ने पत्नी की हत्या के एक गंभीर मामले में आरोपी देवकुमार उर्फ दद्दू को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास एवं 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। यह फैसला 19 दिसंबर को सुनाया गया। न्यायालय ने माना कि अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और गवाहों के बयान आरोपी के खिलाफ पूरी तरह प्रमाणित हैं। मामला थाना कोतवाली कर्वी में भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत दर्ज किया गया था। घटना 13 मई 2022 की है, जब वादी राजेंद्र प्रसाद पटेल ने पुलिस को सूचना दी थी कि उनकी 29 वर्षीय बेटी फुलकुमारी की उसके पति देवकुमार उर्फ दद्दू ने लकड़ी की पाटी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। सूचना मिलते ही कोतवाली कर्वी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्रा ने विवेचना करते हुए आरोपी को 19 मई 2022 को गिरफ्तार किया, जबकि 22 जून 2022 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। यह मुकदमा पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश की ऑपरेशन कन्विक्शन योजना के तहत चिन्हित किया गया, जिसके अंतर्गत साक्ष्यों की प्रभावी प्रस्तुति और सतत निगरानी की गई। प्रभारी निरीक्षक श्याम प्रताप पटेल, पैरोकार आरक्षी प्रशांत कुमार, मॉनिटरिंग सेल प्रभारी दारोगा प्रभुनाथ यादव एवं उनकी टीम ने गहन पैरवी की।

## पंडित शिवकुमार त्रिपाठी इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव

**मऊ (चित्रकूट)।** नगर पंचायत स्थित पंडित शिवकुमार त्रिपाठी इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव समारोह उत्साह और सांस्कृतिक रंगों के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी मऊ राम ऋषि रमन ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मानिकपुर विधायक प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। समारोह के दौरान छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर मंच को जीवंत बना दिया, जिन्हें अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने सराहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम राम ने कहा कि वार्षिक उत्सव विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को मजबूत करता है और उनकी छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने का अवसर देता है। उन्होंने शिक्षा के साथ संस्कारों को भी जीवन का अहम आधार बताया। समापन अवसर पर विद्यालय प्रबंधक कुलदीप त्रिपाठी ने अतिथियों का सम्मान करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के पदाधिकारी, अधिवक्ता, जनप्रतिनिधि, शिक्षक और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## दो बकायेदारों की संपत्ति पर कब्जे के आदेश

**चित्रकूट।** जिले में बैंक ऋण की नियमित किश्तें न जमा करना दो बकायेदारों को भारी पड़ गया है। इलाहाबाद यूपी ग्रामीण बैंक (आर्यावर्त बैंक) के ऋणी रामलोचन पटेल निवासी रैपुरवा माफी, पर 1,02,313 रुपये ब्याज सहित बकाया होने से खाता एनपीए घोषित किया गया। वहीं भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कर्वी के ऋणी बच्छराज निवासी बिसंडा रोड पहाड़ी बुजुर्ग, पर 29.93 लाख रुपये से अधिक का बकाया है। डिमांड नोटिस के बावजूद भुगतान न होने पर बैंकों ने सरफेसी एक्ट की धारा 14 के तहत जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में आवेदन किया। डीएम चित्रकूट ने रामलोचन पटेल के शिवरामपुर स्थित 210 वर्गमीटर व्यावसायिक भवन और बच्छराज की पहाड़ी बुजुर्ग स्थित बंधक भूमि व मकान पर बैंक को कब्जा दिलाने के आदेश दिए हैं। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि अन्य बकायेदारों पर भी इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी, जबकि असंतुष्ट पक्ष डीआरटी में अपील कर सकते हैं।

# मंदाकिनी पुनरोद्धार पर मंथन, प्रशासन ने बनाई समन्वित कार्ययोजना की रूपरेखा

- प्रशासनिक बैठक में तय हुए नए मानक
- मंदाकिनी तटों पर प्लास्टिक प्रतिबंध

**अखंड भारत संदेश**


बैठक में मौजूद अधिकारीगण

**चित्रकूट।** शुक्रवार को जिला पर्यावरण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला वृक्षारोपण समिति की संयुक्त बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने की। बैठक में मंदाकिनी नदी के पुनरोद्धार एवं कायाकल्प को लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने पर गहन चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सिंचाई, लघु सिंचाई, मनरेगा, वन विभाग सहित सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर कार्ययोजना तैयार करें और उसका शीघ्र क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। मंदाकिनी नदी के तटवर्ती क्षेत्रों में स्थित आश्रमों एवं मंदिरों में सिंगल यूज प्लास्टिक और थमोकोल उत्पादों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने चेतावनी बोर्ड लगाने, मंदिर प्रबंधन की अनुमति के बिना भंडारों के आयोजन पर रोक तथा भंडारों में कागज और पत्तों से बने दोना-पत्तल के अनिवार्य उपयोग पर जोर दिया। साथ ही स्वच्छता अभियान चलाकर आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने की बात कही गई। नदी में गिरने वाले नालों की रोकथाम को लेकर वन विभाग ने बताया कि एसटीपी स्थापना हेतु जल निगम नगरीय बांदा द्वारा शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। वाल्मीकि आश्रम क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था पर असंतोष व्यक्त करते हुए बिना अनुमति भंडारों के आयोजन पर रोक और प्लास्टिक के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। ग्रीन चौपाल के तहत 40 ग्राम पंचायतों में लक्ष्य पूर्ण होने की जानकारी दी गई। वहीं समिति सदस्यों ने सिल्ट जमाव और अस्ति विसर्जन के लिए पृथक स्थल चिन्हित करने के सुझाव रखे, जिन पर आगे कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

# भारत में मैन्युफैक्क्रिंग घट रही है, इसे मजबूत करने...

## जर्मनी में BMW बाइक की सवारी करते हुए राहुल ने क्या कहा?

**● इंस्टाग्राम पर साझा किए गए एक वीडियो में, कांग्रेस नेता बीएमडब्ल्यू के विश्व स्तरीय ऑटोमोटिव विनिर्माण और एम-सीरीज वाहनों, इलेक्ट्रिक बाइक, बीएमडब्ल्यू 3, रोल्स-रॉयस मॉडल, विंटेज इटैलियन-प्रेरित बीएमडब्ल्यू इसेटा**



**म्यूनिख**

**लोकसभा** में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को जर्मनी के म्यूनिख स्थित बीएमडब्ल्यू के मुख्यालय का दौरा किया, जहां उन्होंने भारत के विनिर्माण क्षेत्र पर चर्चा की और उत्पादन बढ़ाने की देश की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बीएमडब्ल्यू वेल्ट और बीएमडब्ल्यू संयंत्र का दौरा किया। इंस्टाग्राम पर साझा किए गए एक वीडियो में, कांग्रेस नेता बीएमडब्ल्यू के विश्व स्तरीय ऑटोमोटिव विनिर्माण और एम-सीरीज वाहनों, इलेक्ट्रिक बाइक, बीएमडब्ल्यू 3, रोल्स-रॉयस मॉडल, विंटेज इटैलियन-प्रेरित बीएमडब्ल्यू इसेटा और मैक्सी स्कूटर सहित नवीनतम उत्पादों का बारीकी से निरीक्षण करते हुए दिखाई दिए।

राहुल गांधी को बीएमडब्ल्यू जी450जीएस मोटरसाइकिल का भी निरीक्षण करते हुए देखा गया, जिसे तमिलनाडु के होसुर स्थित टीवीएस संयंत्र में टीवीएस के सहयोग से विकसित किया गया है और अभी तक भारत में लॉन्च नहीं किया गया है। उन्हें बीएमडब्ल्यू कार चलाते और उसकी विशेषताओं का परीक्षण करते हुए भी देखा गया। उन्होंने दुबई स्थित एक परिवार सहित कई भारतीयों से बातचीत की और संयंत्र में आए अन्य आगंतुकों के साथ तस्वीरें खिंचवाईं। जर्मनी के म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू की दुनिया का अनुभव करने का मौका मिला, जहां बीएमडब्ल्यू वेल्ट और बीएमडब्ल्यू प्लांट का गाइडेड टूर हुआ।

राहुल गांधी ने एक पोस्ट में लिखा कि विश्व स्तरीय विनिर्माण को करीब से देखने का एक अविश्वसनीय अवसर। खास बात यह थी कि बीएमडब्ल्यू के साथ साझेदारी में विकसित टीवीएस की 450 सीसी मोटरसाइकिल को देखना। भारतीय इंजीनियरिंग को इस तरह प्रदर्शित होते देखना गर्व का क्षण था। विनिर्माण मजबूत अर्थव्यवस्थाओं की रीढ़ है। दुख की बात है कि भारत में विनिर्माण में गिरावट आ रही है। विकास को गति देने के लिए हमें अधिक उत्पादन करने, सार्थक विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र बनाने और बड़े पैमाने पर उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियां सृजित करने की आवश्यकता है।

## नेतन्याहू से मिलते ही जयशंकर ने किया बड़ा ऐलान, चौंकी दुनिया



**इजराइल**

**पीएम** मोदी मुस्लिम देशों के दौरे पर हैं तो वहीं विदेश मंत्री एस जयशंकर भी यहूदी देश इजराइल की यात्रा पर हैं। उनकी यात्रा ऐसे समय में हुई है जब सिडनी में यहूदियों पर आतंकी हमला हुआ है। जिसको लेकर दुनिया भर में गुस्सा है। इस हमले की भारत ने भी कड़ी निंदा की है और आतंकवाद के खिलाफ लड़ने का दुनिया से आवाह्न किया है। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू से मिलकर सिडनी हमले पर इजराइल के लिए क्या ऐलान किया है कि जिसने जिहादियों के बीच खलबली मचा दी है। जयशंकर के ऐलान के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने भी इस्लामिक आतंकवाद पर क्या नई घोषणा कर दी है जिसने आतंकियों को बढ़ावा देने वाले देशों में हड़कंप मचा दिया है।

दरअसल भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इजराइल पहुंचकर प्रधानमंत्री नेतन्याहू से मुलाकात की। ये मीटिंग कई मायनों में अहम है। मुलाकात की तस्वीरों को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए एस जयशंकर ने लिखा कि यरूशलम में इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू से मुलाकात की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दी। टेक्नोलॉजी, अर्थव्यवस्था, कौशल और प्रतिभा, कनेक्टिविटी और सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग को और गहरा करने पर चर्चा की। क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर उनके विचारों को महत दिया। तो व एस जयशंकर ने ऑस्ट्रेलिया में यहूदियों पर हुए अटैक को लेकर आतंकवाद की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि भारत और इजराइल दोनों ही आतंकवाद को बिल्कुल भी स्वीकार नहीं करेंगे। यानी कि साफ है कि सिडनी हमले को लेकर भारत ने साफ कर दिया है कि जो भी इजराइल आतंकवाद के खिलाफ एक्शन लेगा भारत उसके साथ खड़ा है।

## फेंका जहरीला पानी! इमरान के समर्थकों के साथ ये क्या हो रहा?



**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** का सीडीएफ यानी चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेस बनने के बाद जनरल मुनीर के खिलाफ कई मोर्चों पर बगावत शुरू हो चुकी है। मुनीर पर एक तरफ पीओके को कैदखाना बनाने का आरोप है तो दूसरी तरफ इमरान खान को जेल में बंदकर हत्या की साजिश का भी आरोप। अब इमरान खान की बहनों का दावा है कि जनरल मुनीर इमरान खान की रिहाई की मांग करने वाले जो प्रदर्शनकारी हैं उन पर जहरीले पानी से हमले करा रहा है। इमरान खान की रिहाई को लेकर अदियाला जेल के बाहर प्रदर्शनकारियों का बड़ा काफिला आप इनके तेवर देखिए।

पाकिस्तान के तानाशाह जनरल मुनीर की जहरीली साजिश का पदार्फाश कर रहे हैं। इमरान खान पर मुनीर की दोहरी साजिश के खिलाफ तमाम लोग अदियाला जेल के बाहर इकट्ठा हैं। लोगों का सवाल है कि एक तो मुनीर की सीधी पहरेदारी वाले अदियाला जेल के स्टाफ इमरान से मुलाकात पर अदालती आदेश भी पालन नहीं कर रहे हैं। और दूसरे मुलाकात की मांग को लेकर जो समर्थक जमा हो रहे हैं उन पर जहरीला पानी बरसाया जा रहा है। दरअसल इमरान खान के समर्थकों का आरोप है कि अदियाला जेल के बाहर प्रदर्शनकारियों पर पाकिस्तानी सेना ने जो वाटर कैनन का इस्तेमाल किया था।

इमरान समर्थकों का आरोप है कि पानी की चपेट में आने के बाद कई तरह की दिक्कतें हो रही हैं। किसी समर्थक को स्किन की समस्याएं हो रही है तो किसी की आंखों में जलन हो रही है। कई प्रदर्शनकारियों ने पूरे शरीर में तेज दर्द और बेचैनी की भी शिकायत की है। अपने विरोधियों पर कहर ढाने का यह मुनी अंदाज बहुत पुराना है। इसे लेकर इमरान खान कई बार आशंका जाहिर कर चुके हैं कि मुनीर उन्हें जेल में बंद कर उनकी हत्या करवाना चाहता है। पाकिस्तान की सियासत से उनका नामोनिशान मिटाना चाहता है।

## समुंदर की गहराई में अब दुश्मन की खैर नहीं, नेवी में शामिल हुआ MH-60 फरोमियो



**पुर्तगालि**

भारतीय नौसेना ने गोवा के आईएनएस हंसा में अपने बहु-भूमिका वाले हेलीकॉप्टर स्क्वाड्रन आईएनएएस 335, जिसे ओस्प्रे के नाम से जाना जाता है, को शामिल किया। यह कमीशनिंग समारोह नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी की उपस्थिति में आयोजित किया गया और इसमें औपचारिक जल तोप की सलामी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नौसेना प्रमुख ने समुद्री सुरक्षा वातावरण की बढ़ती जटिलता पर जोर दिया। एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि आज हमारे आसपास का समुद्री वातावरण पहले से कहीं अधिक जटिल और चुनौतीपूर्ण है। बदलती भू-राजनीति, तेजी से विकसित हो रही तकनीकें और खतरों का बढ़ता दायरा - ग्रे-जोन गतिविधियों से लेकर समुद्र में आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान तक - इस नई वास्तविकता को आकार दे रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि भारत के बढ़ते समुद्री हितों की रक्षा के लिए समुद्री सुरक्षा को मजबूत करना सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि इसलिए, समुद्री सुरक्षा और प्रतिरोध को मजबूत करना हमारी समुद्री संचार लाइनों और बढ़ते राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा के लिए मूलभूत है। नौसेना प्रमुख ने पश्चिमी तट पर एमएच-60आर हेलीकॉप्टर स्क्वाड्रन की तैनाती को एक महत्वपूर्ण परिचालन उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि बहुमुखी प्रतिभा वाले, बहु-भूमिका वाले एमएच60आर हेलीकॉप्टर की पश्चिमी तट पर पहली परिचालन स्क्वाड्रन के रूप में तैनाती हमारी नौसेना के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने इस वर्ष के ऐतिहासिक महत्व पर भी प्रकाश डाला। एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि आज की यह तैनाती एक बेहद महत्वपूर्ण क्षण में हुई है - 2025 में भारत सरकार द्वारा फ्लीट एयर आर्म के गठन को मंजूरी दिए जाने के 75 वर्ष पूरे हुए, इस निर्णय ने नौसेना विमानन को पंख दिए, जिससे हमारी नौसेना एक शक्तिशाली बहुआयामी बल में परिवर्तित हो गई और हमें समुद्र में निर्णायक बढ़त प्राप्त हुई।

विजय अभियान से ऐतिहासिक संबंध

नौसेना के इतिहास के एक निर्णायक क्षण को याद करते हुए नौसेना प्रमुख ने कहा, "यह और भी अधिक महत्वपूर्ण है कि ठीक 64 वर्ष पहले, 17/18 दिसंबर 1961 की रात को विजय अभियान शुरू हुआ था, जिसमें भारतीय नौसेना के जहाज पुर्तगालियों से गोवा को मुक्त कराने के लिए उसमें प्रवेश कर गए थे।" उन्होंने आगे कहा, "वहां भी नौसेना विमानन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसमें तत्कालीन विक्रांत और उसका अभिन्न वायु विंग क्षितिज के ठीक परे तैनात होकर गोवा के मार्गों की सुरक्षा कर रहा था।

## प्रतिबंधित तेल टैंकरों की नाकेबंदी का आदेश दिया



**अमेरिका**

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने वेनेजुएला में आने-जाने वाले सभी प्रतिबंधित तेल टैंकरों की नाकेबंदी का आदेश दिया है। इस कदम से दक्षिण अमेरिकी देश के नेता निकोलस मादुरो पर दबाव और बढ़ गया है तथा इसका उद्देश्य वेनेजुएला की अर्थव्यवस्था को और कमजोर करना प्रतीत होता है।

यह घोषणा उस घटना के एक सप्ताह बाद आई है, जब अमेरिकी बलों ने वेनेजुएला के तट के पास एक तेल टैंकर जब्त किया था। यह असामान्य कार्रवाई क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य जमावड़े के बाद की गई थी।

मंगलवार रात को सोशल मीडिया पर नाकेबंदी की घोषणा करते हुए ट्रंप ने आरोप लगाया कि वेनेजुएला तेल का इस्तेमाल मादक पदार्थों की तस्करी और अन्य अपराधों के वित्तपोषण के लिए कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका सैन्य दबाव तब तक बढ़ाता रहेगा, जब तक वेनेजुएला अमेरिका को उसका तेल, जमीन और संपत्तियां लौटा नहीं देता।

ट्रंप ने कहा, दक्षिण अमेरिका के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी नौसेना द्वारा वेनेजुएला को पूरी तरह घेर लिया गया है।ह्लह्ल वहीं, वेनेजुएला सरकार ने बयान जारी कर आरोप लगाया कि ट्रंप अंतरराष्ट्रीय कानून, मुक्त व्यापार और नौवहन की स्वतंत्रता का उल्लंघन कर रहे हैं।

उसने कहा कि अमेरिका इस कथित नौसैनिक नाकेबंदी के जरिए देश की संपदा लूटना चाहता है और इस मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र में उठाया जाएगा।

## की प्रत्यर्पण अपील पर सुनवाई अगले साल मार्च तक टली



**ब्रिटेन**

**भगोड़े** हीरा कारोबारी नीरव मोदी की प्रत्यर्पण अपील पर सुनवाई मंगलवार को अगले साल मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई। नीरव मोदी ने ब्रिटेन के उच्च न्यायालय में अपनी प्रत्यर्पण अपील पर फिर से विचार करने का अनुरोध किया था।

मामले की सुनवाई मुंबई में नीरव मोदी की हिरासत के संबंध में भारतीय अधिकारियों द्वारा दिए गए ठोस आश्वासन के बाद स्थगित की गई।

अदालत में सुनवाई के दौरान यह बात सामने आयी कि प्रत्यर्पण के लिए कानूनी बाधा से संबंधित एक गोपनीय प्रक्रिया (जिसे आश्रय आवेदन माना जाता है) संभवतः अगस्त में विफल हो गई थी।

पंजाब नेशनल बैंक ऋण घोटाला मामले में अदालत में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व कर रही क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस ने तर्क दिया कि प्रत्यर्पण अपील पर फिर से विचार किए जाने का आवेदन उस गोपनीय प्रक्रिया के कथित तौर पर समाप्त हो जाने के कुछ ही दिनों बाद तत्काल रूप से सामने आया। नीरव मोदी को उत्तरी लंदन की पेंटोनविल जेल से वीडियो लिंक के जरिए पेश किया गया। यदि मार्च-अप्रैल 2026 में होने वाली दो दिवसीय सुनवाई के दौरान इस अपील को अस्वीकार कर दिया जाता है, तो भारत में उसके प्रत्यर्पण का रास्ता साफ हो जाने की उम्मीद है।

## शेख हसीना का हिसाब करो, बांग्लादेश की भारत को गीदड़ भभकी



**बांग्लादेश**

**भारत** के विदेश मंत्रालय ने ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए बांग्लादेश के उच्चायुक्त एम रियाज हामिदुल्लाह को तलब किया। यह तलब बांग्लादेश में अस्थिरता की स्थिति में सात बहनों को अलग-थलग करने और पूर्वोत्तर के अलगाववादियों को शरण देने की धमकी देने वाले राष्ट्रीय नागरिक दल (एनसीपी) के नेता हसनत अब्दुल्ला के भारत विरोधी बयानों के बाद जारी की गई है। अब्दुल्ला अपने कड़े भारत विरोधी रुख के लिए जाने जाते हैं। इससे पहले, भारत के दिल्ली स्थित बांग्लादेश दूतावास में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ बांग्लादेश विजय दिवस मनाया गया। उच्चायुक्त एम रियाज हामिदुल्लाह ने बांग्लादेश की अपने लोगों, विशेषकर युवा पीढ़ी की आकांक्षाओं को पूरा करने की प्रतिबद्धता पर जोर दिया और देश की युवा आबादी को उजागर किया। हमीदुल्लाह ने इस बात पर जोर दिया कि बांग्लादेश और भारत के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंध हैं, जिनका केंद्र बिंदु समृद्धि, शांति और क्षेत्रीय सुरक्षा है। उन्होंने दोनों देशों की परस्पर निर्भरता का उल्लेख करते हुए उनकी साझेदारी के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि पूरा बांग्लादेश, और हम सभी, अपने लोगों, विशेषकर युवा पीढ़ी की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारी जनसंख्या में युवा आबादी बहुत अधिक है... हमारा मानना ??है कि भारत के साथ हमारा संबंध हमारे साझा हित में है। हमारी परस्पर निर्भरता है... हम क्षेत्र में समृद्धि, शांति और सुरक्षा पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में बांग्लादेश की समृद्ध संस्कृति और विरासत का प्रदर्शन किया गया और उसकी मुक्ति एवं स्वतंत्रता का जश्न मनाया गया। उच्चायुक्त के संबोधन में बांग्लादेश की अपने लोगों के हितों को आगे बढ़ाने और भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता झलकती है।

इस बीच, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बांग्लादेश को अपनी शुभकामनाएं दीं।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025

प्रबन्धक
अनूप मिश्रा

ऑफिस मो.:
9565333000

Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

## भारत के कश्मीर पर बोला पाक, POK में शुरू हो गई आजादी की जंग



**पाकिस्तान**

**घर** में आग लगी हो और बाहर पानी की बात की जाए तो सच्चाई ज्यादा देर छुपती नहीं और आज पाकिस्तान के साथ बिल्कुल यही हो रहा। एक तरफ पीओके की सड़कों पर जनता का गुस्सा फूट पड़ा और दूसरी तरफ यूएएससी में पाकिस्तान भारत पर बेबुनियादी आरोप लगाकर अपनी नाकामी छुपाने की कोशिश कर रहा। दरअसल रावल कोर्ट में हजारों लोग सड़कों पर उतर आए। यह कोई छोटा प्रदर्शन नहीं था। नारे, जुलूस और खुला ऐलान अब और बर्दाश्त नहीं। प्रदर्शनकारियों की मांगे बिल्कुल साफ थी। बिजली की अनुचित कटौती बंद करो। मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं सुधारी जाए। स्थानीय पत्रकार सोहरा बरकत को तुरंत रिहा करो। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि पीओके में बड़े पैमाने पर हाइड्रो पावर पैदा की जाती है। लेकिन उसकी बिजली पाकिस्तान के दूसरे सूबों को भेज दी जाती है और पीओके के लोग अंधेरे में रहने को मजबूर है। यानी संसाधन पीओके के फायदा पूरे पाकिस्तान को पीओके एक सीमावर्ती इलाका है और इसी बहाने पाकिस्तान ने इंटरनेट पर भारी पाबंदियां लगा रखी है। कमजोर नेटवर्क, इंटरनेट बैकआउट, सूचना पर नियंत्रण। लोगों का कहना है कि यह सुरक्षा नहीं बल्कि आवाज दबाने की साजिश है। प्रदर्शन में पत्रकार सोहरा बरकत की रिहाई की मांग प्रमुख रही। लोगों का आरोप है कि सच दिखाने की सजा जेल में डालना यही पाकिस्तान की असली पहचान है। प्रदर्शनकारियों ने पीओके सरकार को शाम 5:00 बजे तक का अल्टीमेटम दिया है। चेतावनी साफ थी कि मांगे नहीं मानी गई तो आंदोलन और तेज होगा। घोषणा के मुताबिक एक रास्ता ब्रीड स्टेशन की ओर जाने वाला दूसरा शाहराह ए गाजी मिल्लत इन रास्तों को बंद करने की चेतावनी सीधे-सीधे प्रशासन के लिए बड़ा झटका है। जन आक्रोश को देखते हुए पाकिस्तान ने भारी संख्या में पुलिस सेना और अर्धसैनिक बल तैनात कर दिए हैं। यह बताता है कि पाकिस्तान खुद पीओके की जनता से डरता है।

अब सोचिए एक तरफ पीओके में लोग पाकिस्तान के खिलाफ नारे लगा रहे हैं और दूसरी तरफ यूएससी में पाकिस्तान भारत पर झूठे आरोपों की झड़ी लगा रहा। यूएससी की लीडरशिप फॉर पीस थीम पर हुई ओपन डिबेट में पाकिस्तान मिशन के काउंटर गुल कैसर सरवानी ने कहा कश्मीर ना कभी भारत का हिस्सा था और ना कभी होगा। यह सबसे बड़ा मिथ पाकिस्तान का है। पाकिस्तानी दूत ने आगे कहा जम्मू कश्मीर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त विवादित क्षेत्र है और यूएन का आधिकारिक रुख भी यही कहता है। लेकिन सच्चाई तो यह है कि जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था है और हमेशा रहेगा। पाकिस्तान ने फिर जनमत संग्रह, यूएनएससी प्रस्ताव और पुराने झूठे दावों को दोहराया। जबकि खुद पाकिस्तान यूएन प्रस्ताव का सबसे बड़ा उल्लंघन करता है। सबसे हैरानी की बात पाकिस्तान ने यूएससी में भारत पर ही आतंकवाद फैलाने का आरोप लगा दिया। पाकिस्तानी दूत ने कहा, टीटीपी, बीएलए और अन्य आतंकी संगठनों को भारत समर्थन देता है। जबकि पूरी दुनिया जानती है कि आतंकवाद का गढ़ सिर्फ और सिर्फ पाकिस्तान है।